हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025



# मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन ने बिना माल गिराये ठेकेदार को किया करोड़ों का भुगतान

एनिश्पुरी गोस्वामी ⏭ मोहला

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के लिए मोहला में प्रस्तावित 200 बेड वाले जिला अस्पताल का निर्माण शुरू होने से पहले भ्रष्टाचार के जद में पहुंच गया है। ठेकेदार को बिना माल गिराये ही करोड़ों रुपए का भुगतान सीजीएमएस दुर्ग संभाग द्वारा किए जाने की जानकारी मिल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार नवनियुक्त जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के लिए जिला मुख्यालय मोहला में 200 बेड का जिला अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है। लगभग 35 करोड़ 65 लाख की लागत से बनने वाले इस जिला अस्पताल के निर्माण कार्य के लिए दल्ली राजहरा की नाकोडा कंस्ट्रक्शन कंपनी को ठेका दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन के अधीक्षक अभियंता अखिलेश तिवारी ने 10 फरवरी को जारी एक विभागीय पत्र के माध्यम से कार्यपालन अभियंता को जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अस्पताल भवन निर्माण कार्य में सुरक्षा अग्रिम की राशि 4.86 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस तरह से संबंधित ठेकेदार पर मेहरबानी करते उसे स्टील एडवांस के नाम पर करोड़ रुपए आबंटित कर दिया गया है। जबकि इसके एवज में नाकोडा कंस्ट्रक्शन द्वारा मोहला में निर्माणाधीन जगह के करीब जो स्टील डंप किया गया है, उसकी मात्रा 200 टन भी नहीं बताई जा रही है। और सीजीएमएससी ने ठेकेदार को लगभग 925 टन माल (स्टील) का पेमेंट लगभग 5 करोड़ रुपए 2 किस्तों में भुगतान भी कर दिया है।

## पौने 36 करोड़ का काम, भ्रष्टाचार की चढ़ा भेंट

### टेंडर में भी गड़बड़ी की आशंका

इस मामले में अगस्त 2024 को विभाग द्वारा जिला खैरागढ़, छुईखदान, गंड़ई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले के लिए टेंडर जारी किया गया था। इसमें तीन कंपनियों क्रमशः राम राजा मिनरल्स कंटरकसन रायपुर, वीर प्रोजेक्ट रायपुर एवं नाकोड़ा कंट्रसन ने टेंडर भरा था। सूत्र बताते हैं कि टेंडर निकालने के पहले ही रामराजा मिनरल्स और वीर प्रोजेक्ट को टेक्निकल गलती बताकर रिजेक्ट कर दिया गया और दोनों जिलों में जिला अस्पताल बनाने का सीधे नाकोड़ा कंट्रसन को दे दिया गया।



### जांच की जाएगी

ठेकेदार को जितना पेमेंट जारी किया गया है, उतनी राशि का सामान वहां पहुंचा है या नहीं, इसकी कल जांच कराई जाएगी।

**- हेमेन्द्र भुआर्य**
एसडीएम, मोहला

### चरम पर भ्रष्टाचार

पहले नाकोड़ा कंस्ट्रक्शन कंपनी को नियमों से विपरीत जाकर टेंडर दिया गया और अब बिना माल गिराये करोड़ों रुपए का एडवांस भुगतान कर दिया गया है विभाग। शासन में बैठे भाजपा के नेता और ठेकेदार की मिलीभगत से अस्पताल निर्माण को लेकर निर्माण से पहले घोटाला कर दिया गया है। जिसकी जांच और कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए।

**- इंद्रशाह मंडावी**
विधायक मोहला-मानपुर

**लगातार सूर्खियो में रहा विभाग** : छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन अपनी कार्यशैली के चलते आए दिन सुर्खियों में बना रहता है। पूर्व में भी यहां कई बड़े घोटाले हो चुके हैं। जिसकी जांच केंद्रीय स्तर पर चल रही है। अब यह नया मामला सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि यहां बड़े ओहदों पर बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की पहुंच उच्च नेताओं तक है। जिसके चलते कोई भी इन भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करने से बचता है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक में भिड़ंत, दो की मौत

**सड़क अतरिया।** यातायात विभाग के लगातार कार्रवाई एवं समझाइश के बाद भी तेज रफ्तार मोटर साइकिल पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, जो क्षेत्र में दुर्घटना का बड़ा कारण बना हुआ है। कल चकनार नर्मदा के मध्य रविवार की शाम तेज रफ्तार मोटर साइकिल की आमने-सामने टक्कर ने दो युवक की जान ले लिया। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब साढ़े चार, 5 बजे गोकना निवासी खोमलाल साहू पिता ओमप्रकाश अपने मित्र हेमंत पटेल के साथ नर्मदा से गंड़ई की ओर आ रहा था, तभी नर्मदा चकनार मध्य पुल के आगे पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल से जबरदस्त भिंडत हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों मोटर साइकिल की टक्कर काफी जोरदार था। टक्कर की आवाज काफी दूर तक गूंजा। दोनों मोटर साइकिल का परखच्चा उड़ गया तथा टक्कर के बाद बाइक सवार तीनों युवक इधर उधर गिर पड़े। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल 112 को दुर्घटना की जानकारी दिया। कुछ देर बाद गंड़ई पुलिस एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और तीनों घायल युवकों को गंड़ई चिकित्सालय लेकर आई, जहां दो युवक गोकना निवासी खोमलाल साहू पिता ओमप्रकाश 15 वर्ष तथा राजनांदगांव तुलसीपुर निवासी चन्द्रप्रकाश गुप्ता पिता रामगोपाल गुप्ता 38 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं हेमंत पटेल के पैर में गंभीर चोंट आने से जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। गंड़ई-छुईखदान के मध्य आए दिन तेज रफ्तार दो एवं चार पहिया वाहन के कारण दुर्घटना होते रहती है, जिस पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी हो गया है। वाहन चालक वाहन में नियंत्रण नहीं रख पाते और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

## भाजपा और कांग्रेस में प्रभारियों ने की बैठक, निगम अध्यक्ष और जिला पंचायत के लिए बनी रणनीति

# पर्यवेक्षकों ने टटोला मन, वन-टू-वन रायशुमारी के बाद निगम और जिपं अध्यक्ष के लिए पैनल तैयार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चुनावी परिणाम आने के बाद अब सभी को शपथ ग्रहण और नगर निगम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष चयन का इंतजार है। दोनों में बहुमत हासिल करने वाली भाजपा ने भी दोनों पद के लिए चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। रविवार को नगर निगम और जिला पंचायत के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए सांसद रूपकुमारी चौधरी और भूपेन्द्र सवन्नी राजनांदगांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों से वन-टू-वन चर्चा कर पहले उनका मन टटोला। जिसके बाद जिला संगठन के वरिष्ठ नेताओं से भी रायशुमारी की।

पार्टी सूत्रों की माने तो रायशुमारी और चर्चा के आधार पर नगर निगम अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष दोनों ही पदों के लिए दो से तीन नामों का पैनल तैयार कर लिया गया है। इस पैनल में से ही किसी एक नाम का ऐलान पार्टी द्वारा शपथ ग्रहण के दिन किया जाएगा। हालांकि पर्यवेक्षक के समक्ष कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपनी मंशा सामने रखते हुए स्वयं को मौका देने की बात रखी है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश संगठन ने रायगढ़ से सांसद रूपकुमारी चौधरी को नगर निगम के लिए और भूपेन्द्र सवन्नी को जिला पंचायत के लिए पर्यवेक्षक बनाया था। दोनों ही पर्यवेक्षक बैठक के लिए रविवार को भाजपा कार्यालय पहुंचे थे। पहले नगर निगम के नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों से पर्यवेक्षक श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने चर्चा की। इसके बाद जिला पंचायत के सदस्यों से भूपेन्द्र सवन्नी मिले।

### महिला को बनाने रखी मांग

पर्यवेक्षक रूपकुमारी चौधरी के सामने ही भाजपा की वरिष्ठ महिला पार्षद मणिभास्कर गुप्ता ने अपनी बात रखते कहा कि इस बार रिकार्ड 15 महिला पार्षद चुनकर आई है। ऐसे में इनमें से किसी एक को निगम अध्यक्ष बनाया जाए। इसके लिए उन्होंने बकायदा एक पत्र भी पर्यवेक्षक को सौंपा है। बताया गया कि इस पत्र में अधिकांश महिला पार्षदों के हस्ताक्षर थे।

### आधा दर्जन के नाम आगे

मिली जानकारी के अनुसार करीब आधा दर्जन नाम प्रमुखता से आगे चल रहे हैं। इनमें पारस वर्मा, आलोक श्रोती, शिव वर्मा, मणिभास्कर गुप्ता, शैंकी बग्गा, राजा माखीजा के नाम शामिल हैं। यह भी कहा जा रहा है कि इनमें से ही किसी एक नाम पर मुहर लगाई जा सकती है। पार्टी के भीतर भी निगम अध्यक्ष पद को लेकर जमकर खींचतान देखने को मिल रही है। सभी वरिष्ठ नेता अपने-अपने समर्थक के लिए जोर लगा रहे हैं।




### जिपं का 5, निगम में 8 को चुनाव

ज्ञात हो कि जिला पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव आगामी पांच मार्च को होना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार उस दिन ही नामांकन के पहले अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए नाम घोषित किए जाएंगे। वहीं इसके बाद 8 मार्च को निगम के नवनिर्वाचित पार्षद शपथ लेंगे। उस दिन ही दोपहर को निगम अध्यक्ष का चुनाव करा लिया जाएगा।

### जिपं में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए माथापच्ची

इधर जिला पंचायत के लिए भी पर्यवेक्षक ने वन-टू-वन रायशुमारी के बाद पैनल तैयार करने का काम किया। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए किरण रविन्द्र वैष्णव का नाम सबसे आगे चल रहा है। उनके अलावा जागृति चुन्नी यदु और देवकुमारी साहू के नाम भी हैं। वहीं उपाध्यक्ष के लिए भी दो से तीन नाम का पैनल तैयार कर लिया गया है।

## अधिकृत हारे, अब निर्दलीय पर दांव

राजनांदगांव। जिला पंचायत चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों की करारी हार के बाद कांग्रेस ने निर्दलीय तौर पर चुनाव जीतने वाले तीन जिला पंचायत सदस्यों पर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव में दांव खेलने की रणनीति तैयार की है। रविवार को पर्यवेक्षक दीपक मिश्रा की अध्यक्षता में आहूत बैठक में जिला पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती विभा साहू और उपाध्यक्ष पद में महेन्द्र यादव को चुनाव लड़ाने का ऐलान किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत के चुनाव में कांग्रेस विधायकों की पसंद से प्रत्याशी अधिकृत करने के चक्कर में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं हासिल हो सकी है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले बागी नेताओं की जीत के बाद कांग्रेस ने अब निर्दलीय के सहारे चुनाव जंग में उतरने की तैयारी की है। जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के नामांकन प्रक्रिया में प्रत्याशी के अलावा एक प्रस्तावक और एक समर्थक होना जरूरी है। कांग्रेस जीरो की स्थिति में है। यही कारण है कि तीन निर्दलीय पर दांव खेलने की रणनीति तैयार की गई है। विभा साहू अध्यक्ष व महेन्द्र यादव को उपाध्यक्ष चुनाव लड़ाया जाएगा। पार्टी नेताओं को चुनाव में भाजपा से क्रॉस वोटिंग की उम्मीद भी है। अंगेश्वर देशमुख दोनों पदों के चुनाव में प्रस्तावक के रूप में शामिल होंगे।

## अध्यक्ष का चुनाव लड़ेगी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए बना पैनल

### बहुमत से दूर होने के बाद भी कांग्रेस उतारेगी प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के 51 वार्ड में सिर्फ आठ वार्ड में जीत हासिल करने वाली कांग्रेस ने अब निगम अध्यक्ष के पद पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। क्रॉस वोटिंग की आस में कांग्रेस ने शीघ्र ही प्रत्याशी का ऐलान करने के संकेत भी दे दिए हैं। इधर निगम के नेता प्रतिपक्ष को लेकर रविवार को एक निजी होटल में हुई वन-टू-वन रायशुमारी में दो नामों का पैनल तैयार किया गया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि आठ मार्च को इसकी घोषणा की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नेता प्रतिपक्ष और निगम अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी करने के लिए प्रदेश कांग्रेस के नेता दीपक मिश्रा को पर्यवेक्षक बनाया है। श्री मिश्रा ने आज दोपहर शहर के एक निजी होटल में पार्षदों और संगठन के नेताओं के साथ रायशुमारी की। सूत्रों ने बताया कि निगम चुनाव में करारी हार की समीक्षा के साथ-साथ निगम अध्यक्ष के चुनाव को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। बताया जाता है कि रायशुमारी में निगम अध्यक्ष के पद के लिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया भी पूरी की गई है। वहीं नेता प्रतिपक्ष के लिए वन-टू-वन रायशुमारी में वरिष्ठ पार्षद हफीज खान और संतोष पिल्ले का नाम सामने आया है। पर्यवेक्षक दीपक मिश्रा ने दोनों नामों का पैनल तैयार कर पीसीसी में सौंपे जाने की बात कही है।



### बागी पार्षदों का कांग्रेस प्रवेश नहीं

पर्यवेक्षक की उपस्थिति में आहूत बैठक में कांग्रेस ने एक कड़ा फैसला भी लिया है। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी से बागी होकर चुनाव जीतने वाले पार्षदों का पार्टी में प्रवेश नहीं कराने का निर्णय लिया है। कांग्रेस के बागी पार्षद शरद कुशवाहा, युधिष्ठिर देवांगन और बैनाबाई टुरहाटे का कांग्रेस प्रवेश अटक गया है। कुछ नेताओं का बैठक में यह भी कहना था कि प्रवेश कराने से कांग्रेस की संख्या आठ से 11 हो जाएगी, लेकिन अधिकांश नेताओं के विरोध के चलते प्रवेश रोक दिया गया।

### कांग्रेसी विधायकों ने बैठक से की तौबा

जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर आहूत बैठक में कांग्रेस के एक भी विधायक मौजूद नहीं रहे। सूत्रों ने बताया कि पर्यवेक्षक के सामने कांग्रेस नेताओं ने विधायकों के खिलाफ जमकर भड़ास भी निकाली। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि विधायकों के हठ के कारण ही पार्टी की दुर्दशा हुई है। विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई।

### बैठक में दो नेताओं के बीच नोंक-झोंक

निगम अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर रायशुमारी करने पहुंचे कांग्रेस नेता दीपक मिश्रा के सामने शहर कांग्रेस के दो नेताओं के बीच नोंक-झोंक की स्थिति भी निर्मित हो गई। बताया जाता है कि बैठक में एक महिला पार्षद ने अपने बेटे को भेज दिया था। संगठन के नेता ने जब इसका विरोध किया तो वहां विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।

## शराब की अवैध बिक्री, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ जारी अभियान के तहत रवि नामक व्यक्ति बिहार पटना ढाबा के पास साईड गली के एक मकान के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है।

सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु आईपीएस ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में थाना स्टाफ और पेट्रोलिंग के साथ बिहार पटना ढाबा रीवागहन में रेड कार्रवाई किया गया। जिसमें आरोपी रवि यादव पिता चनीरक यादव 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 20 पेंड्री के निशानदेही पर ढाबा के साईड गली में स्थित मकान के पास से प्लास्टिक बोरी में 42 पौवा देशी शराब और 46 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। जिसकी कीमत 5980 रुपए और आरोपी से अवैध शराब बिक्री रकम 750 रुपए बरामद किया गया। लालबाग पुलिस ने इस मामले में ढाबा संचालक उदेश यादव पिता मोहन यादव 27 वर्ष निवासी पेंड्री की संलिप्तता पाए जाने पर दोनों आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।


## आरोपी गिरफ्तार, धारदार बटन चाकू भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शांतिनगर वार्ड नंबर 6 के पार्षद सुनील साहू द्वारा स्वयं के ऊपर हुए चाकू से हमले के मामले में पुलिस चौकी का घेराव कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की गई थी। जिसके बाद कार्रवाई करते चिखली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बीते 1 मार्च को पार्षद सुनील साहू द्वारा चिखली पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि रात्रि लगभग 12 बजे के बीच राजू कोयला बुलेट मोटर साइकिल से आकर रास्ता रोककर अश्लील गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी राजू मेश्राम ने कहा कि देवेश वैष्णव के खिलाफ जो अपराध पंजीबद्ध करवाया गया था, उसमें जिसने-जिसने गवाही दिया है, उन सबका मर्डर करूंगा और उसमें तुम्हारा नंबर पहला है, बोलकर अपने पास रखे धारदार चाकू को निकालकर मुझे डरा-धमका रहा था। मैं अपने बचाव में पीछे हटा तो मेरे पेट में बांयी ओर चाकू से चोंट लगा है। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 126 (2), 296, 351 (2) भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी और टीम गठित कर अश्लील गाली-गलौज कर आरोपी राजू मेश्राम उर्फ करिया राजू पिता राजेन्द्र मेश्राम 25 साल साकिन शांतिनगर वार्ड को त्रिवेणी परिसर से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।



## रमजान महीने के अंत में मनाई जाएगी ईद, मस्जिदों में रौनक


# इबादत का महीना रमजान शुरू, मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इबादत का महीना रमजान की शुरूआत हो चुकी है। शनिवार को चांद के दीदार के साथ ही आज से रोजे रखने का सिलसिला शुरू हो गया है। रमजान को लेकर शहर के मस्जिदों में भी खुबसूरत रौशनी की गई है। वहीं मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज भी पढ़ाई जा रही है। रमजान का पाक महीना अल्लाह की रहमतों से भरा हुआ होता है। इस महीने में चांद के अनुसार 29 या 30 रोजे पूरे होते हैं। वहीं इस्लाम धर्म को मानने वाले अल्लाह की इबादत करते हैं। रोजेदारों की इस इबादत का इनाम अल्लाह इस माह के रोजे पूरे होने पर ईद के रूप में देता है।

### खास बातें

- चांद के दीदार के साथ रोजा शुरू
- मस्जिदों में तरावीह की नमाज भी पढ़ी जा रहा है
- रोजे पूरे होने पर मनेगी ईद



**फर्ज होते हैं रोजे :** मुस्लिम समाज में रमजान के महीने में बच्चों से लेकर हर उम्र के लोगों द्वारा रोजे रखे जाते हैं। इस दौरान सूर्यास्त से पहले सेहरी और सूर्यास्त के बाद इफ्तार किया जाता है। रमजान महिने का पहला रोजा रविवार को रखा गया।

### इस्लामिक नवां महीना

इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रमजान साल का नौवां महीना होता है। इस पूरे महीने रोजा रखना सिर्फ खाना-पीना छोड़ देने का नाम नहीं है। असली मकसद भूख और प्यास की तकलीफ को समझना है। रोजा सब्र और गलत चीजों से परहेजगारी भी सिखाता है।

### इस महीने जकात का महत्व

रमजान महीने में अल्लाह की इबादत के साथ ही जकात यानी दान का भी बड़ा महत्व है। ईद की नमाज से पहले जकात अदा कर दी जाती है। जकात, इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। जिसमें अपनी संपत्ति का कुछ हिस्सा मुफलिसों और जरूरतमंदों को दान किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### हरिहारनों का सम्मान

**डोंगरगांव।** नगर के साहित्यकार डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो को श्री मौन तीर्थ विद्यापीठ उज्जैन में आयोजित बिलासा छंद महालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में वर्णावली छंद ग्रंथ के सृजन में सहभागिता के लिए द मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व उन्हे तीन बार वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी इस उपलब्धि के लिए सभी साहित्यकारों, परिजनों, इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

### क्विज में अनंत और प्राची सफल



**गंडई पंडरिया।** ष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में गंडई के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में पीएमश्री स्व लाल मूरतसिंह खुशरो अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय के छात्रों ने माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर सफलता प्राप्त किया है। गत 27 और 28 फरवरी को स्वामी आत्मानंद विद्यालय छुईखदान में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। माध्यमिक स्तर पर कक्षा आठवीं के छात्र अनंत शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्यारहवीं की प्राची देवांगन ने उच्चतर माध्यमिक स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, एबीईओ सुधाकर, बीआरसी दुष्यंत शर्मा ने सफल छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन देने वाले शिक्षक मुकेश यादव, दुर्गेश सेन, योगेश्वरी तारम और देवेंद्र वासनिक की सराहना की।

### पंचायतों में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन आज, लोगों को विकास की उम्मीद

# जीत के बाद गांव के मुखिया आज संभालेंगे बागडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

■ शिक्षित महिला के सरपंच बनने से जागी नई उम्मीद

चार दशक अंतराल बाद जंगल के बीच बसे पथरटोला की महिला को ग्राम पंचायत तिलईरवार की कमान संभालने का मौका मिला हैं। नव निर्वाचित सरपंच नंदिका कुंजाम कल 3 मार्च को दायित्व संभालेगी। इसी के साथ पथरटोला के विकास को गति मिलने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में संपन्न त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत तिलईरवार में सरपंच के पद पर नंदिका कुंजाम निर्वाचित हुई हैं। करीब 30 से 35 घरों वाली बस्ती की निवासी नंदिका कुंजाम ने पंचायत मुख्यालय जहां अधिक मतदाता हैं की दो प्रत्याशियों को पराजित किया हैं। छोटी सी बस्ती की निवासी होने के बाद भी श्रीमती कुंजाम को अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 340 मत अधिक मिले थे।


जंगल के बीच बसे पथराटोला के ग्रामीणों ने नई उम्मीद के साथ किया मतदान
विकास के राह तकते पथराई आंखें, नई सुबह का इंतजार
अब तक गांव में नहीं पहुंची बुनियादी सुविधाएं

### 42 साल बाद गांव का मुखिया



जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत तिलईरवार मे हमेशा से पंचायत मुख्यालय का व्यक्ति ही सरपंच निर्वाचित होते आया हैं। वजह यह रही है कि पंचायत मुख्यालय में मतदाताओं की बाहुल्यता है और पंचायत के अधीन आने वाली बस्ती पथरटोला में मतदाताओं की संख्या सीमित है। जानकारी के अनुसार 1977 में पथरटोला के इतवारी राम को सरपंच बनने का मौका मिला था। वह दो - ढाई साल ही सरपंच रहे। उनके बाद ग्राम की नंदिका कुंजाम को सरपंच बनने का मौका मिला है।

### मानदेय से वार्ड का विकास

ग्राम पंचायत कोनारी के वार्ड 6 से राजकुमारी निर्मलकर निर्विरोध पंच निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने अपने निर्वाचन के लिए नवार्ड वासियों क आभार व्यक्त किया है। उन्होंने पेयजल समस्या , नाली की सफाई ,पानी निस्तारण के लिए नाली निर्माण, पौधरोपण प्राथमिकता से कराने का संकल्प जताया है। उन्होंने पंच के लिए मिलने वाले मानदेय का उपयोग वार्ड के अच्छे कार्यों में खर्च करने की बात कही है।



### कायाकल्प होने की उम्मीद

पंचायत चुनाव और गांव की बहु के सरपंच निर्वाचित होने के बाद पथराटोला के ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब उन्हें भी बुनियादी सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि टप्पा - तिलईरवार मार्ग से करीब आधा किमी की दूरी पर बसी इस बस्ती तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क तक नहीं हैं। जो सड़क है वह भी जगह जगह उखड़ चुकी हैं। गांव मे पेयजल का भी पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाकर घरों में नल तो लगा दिया गया हैं जिससे पानी नहीं आता। सिंचाई के लिए नहर के गांव तक विस्तार की भी जरूरत है।

## तीसरी मर्तबा सरपंच बने जाफर



**डोंगरगढ़।** दिग्विजय महाविद्यालय में ग्रेजुएशन की पढ़ाई छोड़ राजनीति में आए जाफर अली तीसरी मर्तबा नारायणगढ़ के सरपंच निर्वाचित हुए हैं। श्री अली ने वर्ष 1980 में पंच के रूप में राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। ग्राम वासियों का निरंतर समर्थन मिलने से श्री अली लगातार पंच, सरपंच और उपसरपंच के रूप में प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार 2500 आबादी वाली ग्राम पंचायत में एकमात्र मुस्लिम परिवार के सदस्य को ग्रामीणों का निरंतर समर्थन मिलने पर परिजनों ने ग्रामवासियों का कृतज्ञता व्यक्त किया है। श्री अली ने हाल ही में संपन्न चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पीतांबर सिन्हा को साठ मतों के अंतर से पराजित कर तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरपंच निर्वाचित हुए हैं। यहां पंच के रूप में ईश्वर लहरे, रजनी जोशी, प्लटीन जोशी, रेशमा निषाद, मनोज निषाद, बुद्धंतीन निषाद, कृष्णपाल चंद्रवंशी, राकेश साहू, सरवनतीन जोशी, एमेश्वरी निषाद, यामिनी मारकंडे,संजय बंजारे, दिनेश सिन्हा, पांचोबाई साहू, हीराबाई सिन्हा, अनिता विश्वकर्मा, उषाबाई, यशवंत धनकर ने जीत हासिल किया है।

### न्यायालय से मिली थी जीत

नारायणगढ़ के नवनिर्वाचित सरपंच जाफर अली का राजनीतिक सफर संघर्षमय रहा है। भाजपा से जुड़े श्री अली को 1995 में हुए चुनाव में निर्वाचन अधिकारी द्वारा 96 मतों से पराजित कर दिया था। परिणाम के विरुद्ध उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और चुनाव अधिकारी के निर्णय विरुद्ध जीत दर्ज किया था।

### वादे किया जाएगा पूरा

चुनाव में जाफर अली ने संकल्प पत्र जारी करते हुए सभी वादों को समय सीमा में पूरा करने का भरोसा दिलाया था। उन्होंने 12वीं उत्तीर्ण युवाओं एवं गरीबी रेखा अंतर्गत आने वाले 20 से 35 वर्ष के युवाओं को प्रतिमाह 500 रूपए पेंशन, कुहीकोंडा में राशन का वितरण अप्रैल से प्रारंभ करने, भूमिहीन व्यक्ति को जमीन का पट्टा एक माह के अंदर दिलाने, वन भूमि में काबिज व्यक्ति को पट्टा 1 वर्ष के अंदर, कुहीकोडा में मिडिल स्कूल, सीसी रोड का निर्माण, नल से घरों तक पानी की सप्लाई, चौकों में स्ट्रीट लाइट, मरार समाज का सामुदायिक भवन, नारायणगढ़ तालाब का सौंदर्यीकरण, बाल उद्यान का निर्माण करने का बात कहा था।

## मुर्गा लड़ाई विवादः चाकू से हमला करने वाला आरोपी चौबीस घंटे में गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी सफलता

**मानपुर।** थाना मानपुर पुलिस ने मुर्गा लड़ाई के विवाद में प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

घटना 27 फरवरी 2025 को ग्राम कोतरी में मंडई और मुर्गा बाजार के दौरान हुई। सुरेंद्र कुमार पुरामे और बीरेंद्र कुमार धुर्वे के बीच मुर्गा लड़ाई को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोपी बीरेंद्र कुमार धुर्वे ने आवेश में आकर चाकू (काती) से सुरेंद्र कुमार पर हमला किया। जिससे सुरेंद्र कुमार के पेट में गंभीर चोंट आई और उनकी आंत बाहर निकल आई।

घायल सुरेंद्र कुमार के परिजन



मुन्नूराम पुरामे की शिकायत पर थाना मानपुर में मामला दर्ज किया गया। अपराध क्रमांक 03/2025 के तहत धारा 109(1), 118(1) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। मानपुर पुलिस ने इस त्वरित कार्रवाई से संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस टीम की मुस्तैदी से मिली सफलता

पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पितांबर पटेल और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह पैकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ईश्वर ध्रुव ने तत्काल टीम गठित की। ग्राम देहरीटोला नेडगांव में दबिश देकर आरोपी बीरेंद्र कुमार धुर्वे (29 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल किया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी ईश्वर ध्रुव, एएसआई गंगसाय किरंगे, प्रधान आरक्षक देवलूराम सलामे, आरक्षक संतोष ठाकुर और दानूराम उसारे की अहम भूमिका रही।

### निकाली जागरुकता रैली

**राजनांदगांव।** एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के अंतर्गत संचालित सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव द्वारा जिला अस्पताल बसंतपुर कैंपस में सुगम्य यात्रा को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। इस अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने व बाधारहित वातावरण तैयार करने की प्रेरणा देना था।गौरतलब है कि रैली में सीआरसी के दिव्यांगजन, उनके माता-पिता, मेडिकल बोर्ड स्टाफ, जिला अस्पताल में उपस्थित दिव्यांगजन एवं सीआरसी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने सुगम्य भारत अभियान से संबंधित जानकारी दी और स्लोगन नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के समन्वयक गजेंद्र कुमार साहू रहे। सीआरसी की ओर से श्रुति पांडेय, मेघा दुबे, गजेंद्र कुमार साहू, पुनीत साहू, रवि कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य सदस्यों ने इसमें सहभागिता की।

## अंधेरे में सीसी रोड का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

■ ठेकेदार की मनमानी से नागरिकों में नाराजगी

नगर पंचायत के वार्ड एक में रात को सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस आशय की शिकायत भी हुई लेकिन अधिकारियों ने ठेकेदार से सांठगांठ कर अनसुनी कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर वार्ड एक संत रविदास में अधोसंरचना मद से 29 लाख की लागत से नहर नाली से खेत तक सीसी सड़क निर्माण की 22 जून 2022 को स्वीकृति मिली थी। कार्य का टेंडर श्याम इंडस्ट्रीज डोंगरगढ़ को दिया गया था। अगस्त 2023 में वर्क आर्डर जारी होने के बाद एक साल तक ठेकेदार ने कार्य प्रारंभ नहीं किया। दो बार नोटिस जारी होने के बाद ठेकेदार ने आनन फानन में काम शुरू करते हुए रात को सीसी सड़क का निर्माण किया।



### गुणवत्ताहीन निर्माण

निर्माण में स्तरहीन सीमेंट, गिट्टी, रेत का उपयोग कर जमकर गड़बड़ी किया गया। घटिया निर्माण पर वार्डवासियों ने नाराजगी जताया है। उन्होंने मामले की शिकायत कर जांच एवं कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार देर रात जब गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग कर सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा था तब मॉनिटरिंग करने वाले इंजीनियर एवं अन्य कर्मचारी मौके से नदारद थे।

### जांच की जाएगी

सीसी रोड के रात को निर्माण करने और मापदंड के मुताबिक मटेरियल का उपयोग नहीं करने को लेकर शिकायत मिली है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

- अजय सिंह, सीएमओ

### कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

# वार्षिकोत्सव में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामजी भारती थे। अध्यक्षता पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने की। विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन चीकू, सुमित मिश्रा, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सुमित ताम्रकार, अविनाश टेम्भुरकर, अमन जनबंधु, विश्वनाथ यादव, सरफराज नवाज, प्रकाश अग्रवाल, रिंकू बंसल, आवेश निगम, ललित शर्मा, भागवत नामदेव, श्याम तिवारी थे। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत पुष्पवर्षा कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से हुआ। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति छात्रा विद्या तथा स्वागत गीत दिव्या एवं विद्या ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक श्री भारती ने कहा कि विद्यार्थी अपना अध्ययन लक्ष्य बनाकर मनोयोग से करें। प्रतिभावान एवं निर्धन छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में किसी प्रकार समस्या आने पर सहयोग किया जाएगा। श्री भारती ने अपनी माताजी की स्मृति में प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्वर्ण पदक देने की घोषणा की। इस मौके पर श्री खांडेकर ने अपने अनुभवों को साझा किया। पालिका अध्यक्ष श्री डोंगरे, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की पाखी पत्रिका का विमोचन अतिथियों ने किया।




### मेरिट में आने वाले सम्मानित

कार्यक्रम में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी दिव्या नामदेव, प्रगति महोबिया, दीप देवांगन, धनेश्वर देवांगन, करीना डोंगरे को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर निकिता गुप्ता, प्रखर स्वर्णकार, एनका मीना, बलराम, सिद्धार्थ गजभिए, आंचल निषाद, चित्राणी साहू, पूजा सिंह, वैशाली, अनीशा, श्रेष्ठ एनसीसी कैडेट कीर्ति मरकाम, टोमन कुमार, श्रेष्ठ एनएएस स्वयंसेविका हेमलता साहू, अनंत सिंह, खिलाड़ी नीता सलाते को रजत पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### इनका भी हुआ सम्मान

कार्यक्रम में वार्षिक खेलकूद तथा जिला, राज्य, विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। विवि का प्रतिनिधित्व करने वाले रोशन साहू, शतरंज के दिगेश्वर वर्मा, उमेश, मोसेस अंबोली वालीबाल, कबड्डी में कीर्ति, हिमानी, हरीश, टिकेश आराध्या यादव, क्रिकेट नीता सलामे, एथलेटिक्स मुस्कान मेश्राम क्रिकेट क्रास कंट्री नीता सलामे सहित काजल सिंह, विकास महोबिया, रोशनी साहू, दिगेश्वर वर्मा, सक्षम वैष्णव, आदित्य, मोनिका, प्रिया, जयलाल, गुलशन, अश्विनी चतुर्वेदी, आकाश साहू परमानंद, अमित मरकाम, हेमंत,उमेश समुद्रे आदि को सम्मानित किया गया।

### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति, देशभक्ति, सायबर फ्राड के प्रति जागरूकता एवं बेटी बचाओं की थीम पर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में गणेश वंदना, आदिवासी नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, हारर कामेडी, नाटक, करमा नृत्य, गीता उपदेश तथा गीत के साथ हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आदिवासी नृत्य सुभाष एवं साथी ने प्रथम, साउथ इंडियन डांस श्रद्धा एवं समूह ने द्वितीय तथा नीना नेताम ने महिला उत्पीड़न पर आधारित नृत्य नाटिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एमएल नंदेश्वर, एनएसएस अधिकारी एचआर पदमे, नीलम चतुर्वेदी, वेदप्रकाश साहू तथा छात्र अमन ब्रिज नामदेव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 500 रूपए प्रदान किया। संचालन डॉ. एमएलनंदेश्वर, डॉ.नीता राजपूत एवं प्रभात बैस ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. आशा चौधरी ने किया।




## घिरघोली में श्रीमद भागवत कथा आज से



**सड़क अतरिया।** घिरघोली में कल 3 मार्च से आगामी 11 मार्च तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा के यजमान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, रोहित जंघेल एवं चुम्मन जंघेल हैं। कथा वाचक चित्रकुट धाम के पं. भरत महाराज है। कथा के प्रथम दिन ग्रामीणों द्वारा भजन कीर्तन के साथ कलश यात्रा निकाला जाएगा।

कलश यात्रा सिद्ध बाबा, शीतला मंदिर सहित अन्य मंदिर से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। तत्पश्चात गणपति पूजा के बाद गौकर्ण कथा का महत्व बताया जाएगा। आगामी दिवस शुक्र परीक्षित संवाद, वाराह अवतार, सृष्टि वर्णन, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, कृष्ण जन्म, बाल चरित्र, गोवर्धन पूजा, रूखमणी विवाह, द्वारिका दर्शन, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष आदि पर कथा का वाचन होगा। कथा का वाचन सुबह 10 से 1 बजे तथा विराम के पश्चात दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा। आयोजनकर्ताओं ने क्षेत्र के लोगों से कथा का लाभ लेने की अपील किया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# प्रशासनिक लापरवाही से बढ़ रहा हादसों का खतरा, कांग्रेस टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ मिशन संडे की टीम ने दी दस्तक

विधायक यशोदा वर्मा के निर्देश पर मिशन संडे की टीम विधायक प्रतिनिधि व कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन के नेतृत्व में नगर के वार्ड क्रमांक 12 अमलीपारा पहुंची जहां टीम ने हाल ही में सड़क दुर्घटना में मृत स्व नरसिंग चंद्राकर के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इसके साथ ही दुर्घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान पता चला कि आमलीपारा के दुर्गा मार्ग चंद्राकर ट्रेडर्स के सामने मुख्य सड़क के बाईं ओर मिट्टी के कटाव के चलते बिजली पोल पूरी तरह झुक गया है और कभी भी गिर सकता है जिससे जनहानि होने की पूरी संभावना है। निरीक्षण बाद मनराखन देवांगन ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि खैरागढ़ से दुर्ग जाने वाले मुख्य मार्ग पर उचित देखरेख नहीं की जा रही है। सड़क का कटाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे यह संकरी हो चुकी है और किनारों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। सडक़ के नीचे की मिट्टी भी बह चुकी है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। मनराखन देवांगन ने कहा कि प्रशासन और संबंधित विभाग कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं और शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं।

### सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री से हुआ हादसा

प्रतिनिधिमंडल ने पाया कि अमलीपारा में मुख्य सडक पर मकान निर्माण संबंधित सामग्री रखी गई थी, जिसके चलते एक दिन पूर्व दर्दनाक दुर्घटना हुई और एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके अलावा शहर में बढ़ती दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण खैरागढ़ बाईपास शुरू नही होना भी है। स्थानीय नागरिकों और कांग्रेस नेताओं ने बार-बार बाईपास शुरू करने की मांग की है, लेकिन शासन-प्रशासन इसे नजरअंदाज कर रहा है। बाईपास शुरू न होने के कारण वाहनों का पूरा दबाव शहर की संकरी सड़कों पर पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है।

### नपा अध्यक्ष पर साधा निशाना

मनराखन देवांगन ने नगर पालिका अध्यक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग नगर के विकास की बात कर रहे हैं, वे पहले अपने वार्ड, अपने घर और अपनी दुकान के सामने की व्यवस्था सुधार लें, फिर जनता को विकास के सपने दिखाएं। धरातल पर विकास पूरी तरह शून्य है और जनता प्रशासन की निष्क्रियता से त्रस्त हो चुकी है। शहर में प्रशासन की लापरवाही और लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के कारण सडक़ दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। मिशन संडे टीम ने संबंधित विभाग से तत्काल सड़क मरम्मत, बिजली कंपनी से विद्युत खंभों को सही करने और जिला प्रशासन से बाईपास निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने की मांग करते हुए कहा कि इससे भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। इस दौरान डॉ अरुण भारद्वाज, नेता प्रतिपक्ष नपा दीपक देवांगन, पार्षद दिलीप लहरे, भरत चंद्राकर, पूरन सारथी, शेखर दास वैष्णव, संत निषाद, सूर्यकांत यादव, विनोद सिन्हा, महेश यादव, हरि दर्शन ढीमर सहित अन्य उपस्थित थे।

# मोहबे हेल्थ केयर चला रहा नि:शुल्क शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला मुख्यालय मोहला में राजनांदगांव के डॉ. सौरभ मोहबे (डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल) एवं डॉ. गौरव जैन तथा टीम द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क परीक्षण किया जा रहा है। वनांचल वासियों की सुविधा के लिए दो रेजिडेंस डॉक्टर्स के अलावा लैबोरेटरी, फार्मेसी एवं एक्स-रे की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। तीन दिवसीय शिविर में अब तक लगभग 450 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर जरूरी दवाइयां प्राप्त किया।

डॉ. सौरभ मोहबे ने बताया कि नवीन जिला मुख्यालय मोहला में मोहबे हेल्थकेयर द्वारा वनांचल वासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु मानवीय सेवा का बड़ा उदाहरण पेश किया जा रहा है। निःशुल्क परीक्षण के अलावा जरूरी दवाइयां प्रदान कर ग्रामीणों को दूर-दराज इलाज के लिए भटकने की समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। कम से कम शुल्क में एक्स-रे की सुविधा मिलने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। तीन दिवसीय शिविर का रविवार को समापन हुआ। इससे पहले डॉ. पारस सोनी व गौरव जैन के साथ दो नियमित डॉक्टर्स द्वारा लगभग 450 ग्रामीणों को अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने का अवसर प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में अब डॉ. पारस सोनी, डॉ. आरती सोनी एवं डॉ. असद खान 24 घंटे ग्रामीणों की सेवा के लिए उपलब्ध हैं।

गौरतलब है कि उक्त शिविर में नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रमेश मोहबे (एमडी) ने भी अपनी सेवाएं दी है। डॉ. सौरभ मोहबे ने बताया कि वर्तमान में मोहला जिला उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं से नहीं जुड़ पाया है। उनका उद्देश्य मानवीय सेवा के साथ आमजनों को महंगी स्वास्थ्य सुविधा से राहत पहुंचना ही है। उन्होंने ऐसे शिविरों को भविष्य भी आयोजित करने का संकल्प दोहराया है।

# बोर्ड परीक्षा जारी, फिर भी तेज आवाज में बज रहा डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ परीक्षार्थियों को हो रही असुविधा

सालभर स्कूलों में पढ़ाई के बाद दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी में बच्चे जुटे हुए है वही शहर में समय बेसमय और देर रात तक तेज़ आवाज़ में डीजे बज रहा है जिससे परीक्षार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तुरकारीपारा उत्तम बाड़ा में सेवन सेजेस संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय कला कुंभ कार्यक्रम के दौरान मचे शोरगुल से आसपास के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

गौरतलब है कि बारहवीं बोर्ड परीक्षा एक मार्च से और दसवी की आज तीन मार्च से शुरू होने वाली है ऐसे में छात्र पढ़ाई और परीक्षा की चिंता में लगे हुए हैं, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के चलते शहर के बीचों-बीच कानफोड़ डीजे बजने से उनकी एकाग्रता भंग हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब धार्मिक आयोजनों में डीजे बजाने पर प्रशासन तत्काल कारवाई करता है और परमिशन देने से इंकार कर देता है तो फिर इस मामले में इतनी अनदेखी क्यों की जा रही है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

रात के समय तेज़ आवाज़ में डीजे बजाना और दिन के समय भी निर्धारित डेसिबल से ज्यादा आवाज में बजाना नोज पाल्यूशन रेगुलेशन व कंट्रोल रूल्स 2000 के तहत तहत अवैध माना जाता है फिर भी इसकी खुलेआम अनदेखी की जा रही है। प्रशासन इस ओर कोई सख्त कदम नहीं उठा रहा, जिससे परीक्षार्थियों और आम नागरिकों को परेशानी हो रही है। सालभर की मेहनत और बोर्ड परीक्षा को देखते हुए छात्रों और उनके अभिभावकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस पर संज्ञान लेने की मांग की है, ताकि बोर्ड परीक्षा के दौरान पढ़ाई का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे।

# हम कहानियों को लेकर रिसर्च नहीं सर्च कर रहे हैं : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इन्दिरा कला संगीत विवि के रंगमंच विभाग द्वारा आयोजित पटकथा लेखन संवाद कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्मकार अशोक मिश्रा ने छात्रों से नाटकों के लेखन व इसकी प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। दो दिवसीय आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि हम जब समाज के बीच की कहानियों को समझकर उसे संवाद लेखन के माध्यम से उकेरते हैं तो हमें जीवन की व्यथा से अवगत होना होता है और इसके लिए रंगमंच एक अच्छा जरिया हो सकता है। जिस तरह वक्त के साथ रंगमंच की विधा में बदलाव आया है हमें उसके मूल स्वरूप को संरक्षित रखने के लिए एक दिशा में काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा इस समय हम कहानियों को लेकर रिसर्च नहीं केवल सर्च कर रहे हैं। इस कारण बेहतर कहानियॉ समाज के बीच नहीं आ पा रही है। रंगमंच को लेकर बेहतर संभावनाए बनी होती है और लेखन भी एक अच्छा स्वरोजगार का जरिया हो सकता है। आप जितना बेहतर लेखन करते हैं उतना बेहतर उन विषयों की समझ होती है जिसे आप रंगमंच के माध्यम से नाटकों में प्रस्तुत करते हैं।

### दो दिनों तक किया संवाद

नेशनल अवार्ड विजेता, लेखक व राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के पूर्व छात्र श्री मिश्रा ने कहा कि समय के साथ तकनीक का प्रभाव हर क्षेत्र में बढ़ा है इससे थियेटर भी अछूता नहीं रहा है इसलिए हमें मौजूदा वक्त के हिसाब से थियेटर कला के हर पक्ष पर विचार करना चाहिए। थियेटर को सजीव रखने के लिए आप सबकी भूमिका अहम होगी। भारत एक खोज, सुरभि, वेल्डन अब्बा, समर, वेलकम टू सज्जनपुर सहित कटहल जैसे फिल्म के लेखक अशोक मिश्रा ने दो दिनों तक संगीत विवि में छात्रों से संवाद किया। विभागाध्यक्ष डॉ.योगेन्द्र चौबे ने कहा कि हम सबके लिए यह सौभाग्य का पल है कि देश के ख्यातिनाम लेखक व हमारे मार्गदर्शन अशोक मिश्रा हम सबसे सार्थक संवाद कर रंगमंच की विधा में आ रहे बदलाव व नवीनता के बारे में अपने अनुभवों को साझा किया। इस तरह के सार्थक संवाद हम भविष्य में भी विवि परिसर में करते रहेंगें, यह हम सबकी एक कार्य योजना है जिस पर विवि प्रबंधन का पूरा सहयोग है। उन्होंने फिल्मकार अशोक मिश्रा सहित प्रबंधन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रंगमंच विभाग के छात्र-छात्राए मौजूद थे।

वैशालीनगर पुलिस कर रही है जांच

# मुनाफा के लालच में 5.70 लाख रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज

मुनाफे के लालच में लाखो रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि सूर्या अपार्टमेंट माडल टाउन जुनवानी निवासी प्रमोद कुमार संगल को 22 अप्रैल 2024 को उसके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाली सुनीता सिंह थी, वह कंपनी जंबी रिसर्च इंस्ट्यूट कर्मी होना बताया था। कंपनी में पैसा इंवेस्ट करने के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच दिया। इसके अलावा कंपनी प्रॉफिट की 20 प्रतिशत कमीशन लेने की भी बात पीड़ित को बताई गई थी। प्रमोद ने महिला के झांसे में आकर अपने यूको बैंक खाते से 50 हजार रुपए सुनीता के बताए गए खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। फिर 23 अप्रैल 2024 को यूको बैंक भिलाई ब्रांच से 50 हजार रुपए, फिर 4 लाख, 50 हजार और 20 हजार समेत कुल 5 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर किया। प्रमोद ने पुलिस को बताया कि जब उसने 50 हजार रुपए ऑनलाइन जंबी रिसर्च इंस्ट्यूट कंपनी को दिया तो अगले दिन उसने प्रॉफिट समेत रिटर्न मांगा। कंपनी ने पीड़ित से कहा कि खाते में रिटर्न समेत पैसा दिख रहा है, लेकिन उसके विड्रा के लिए लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया गया। कंपनी वालों के कहने पर धीरे धीरे 5.70 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया।


















## सार समाचार

### पदोन्नत शिक्षकों का सम्मान



**मड़ियान।** मड़ियान संकुल केन्द्र मुंगलानी में शिक्षक सम्मान समारोह के साथ पदोन्नत प्रधानपाठकों का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक के रूप में पदोन्नत संतोष धुर्वे और रामदयाल जोशी, मनसुख लाल देवांगन, मिलऊराम रावत, सुधाकर धरमगुड़े, शिवकुमार कंवर, नीलांबर चंद्रवंशी, गोपीचंद कोमरा को पेन,डायरी, श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गुमान सिंह चन्द्रवंशी, आत्माराम चंद्रवंशी, पूर्णानंद चंद्रवंशी, दिनेश साहू, मनोज साहू, ऐनूराम अम्बादे, देवेन्द्र खोब्रागढ़े, घनश्याम साहू, हेमलता ठाकुर, हेमबती कतलाम, विमला मानिकपुरी, भुनेश्वरी कैवर्त उपस्थित थे। संचालन शिव कंवर और आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक मनोज साहू ने किया।

### मुख्यमंत्री ने किया गंगाबारु का विमोचन



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत भुरभुसी के साहित्यकार और गीतकार मिनेश कुमार साहू की पुस्तक गंगाबारु का विमोचन गत दिनों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। यह विमोचन 1 और 2 मार्च को संस्कृति एवं राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के आठवें प्रांतीय सम्मेलन में हुआ। जानकारी के अनुसार साहित्यकार मिनेश कुमार साहू ने सगा पुतानी और गंगाबारु सहित कई पुस्तकें लिखी हैं। चह छत्तीसगढ़ी में कविता, शोध आलेख, पटकथा, संवाद और गीत लेखन में सक्रिय हैं। उनके गीत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और न्यूयॉर्क में सुने और सराहे गए हैं। उन्होंने बताया कि वह लोक साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव, स्व लक्ष्मण मस्तूरिया, स्व बद्रीविशाल यदु, स्व परमानंद गुरुजी, स्व हेमनाथ यदु, स्व मेहतरराम साहू, स्व गंगाराम शिवारे, सीताराम साहू, स्व पवन दीवान और स्व हरि ठाकुर से काफी प्रेरित हैं। श्री साहू और ईश्वर साहू फरवरी में आयोजित राजिम महोत्सव में पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के भीतर लोगों को छत्तीसगढ़ी फिल्मों में विशुद्ध छत्तीसगढ़ी गीत सुनने मिलेंगे।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने किया पार्षद के आरोपों का खंडन




**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड नंबर 6 शांतिनगर से कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी रहे देवेश वैष्णव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए यहां के पार्षद सुनील साहू द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों को झूठा बताया है। देवेश वैष्णव ने कहा कि सुनील साहू ने पुलिस चौकी चिखली का घेराव करते मुझ पर जो आरोप लगाए हैं, वह सभी झूठे आरोप हैं। पुलिस उस पर अपनी जांच करें और जो दोषी पाया जाता है, उस पर कड़ी कार्रवाई हो। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान देवेश वैष्णव ने कहा कि शुक्रवार की रात लगभग 12 बजे पार्षद सुनील साहू अरविंद वर्मा के घर गया हुआ था। इस दौरान उन्होंने राजू मेश्राम को वहां बुलाया और उनके बीच झगड़ा हुआ। इस झगड़े से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। देवेश वैष्णव ने कहा कि पार्षद सुनील साहू ही बता सकते हैं कि 12 बजे रात को वह वहां क्यों गए थे, लेकिन जो मामला सामने आ रहा है, उसमें यह ताश-जुएं के मामले में उनके बीच विवाद हुआ है। पार्षद सुनील साहू के साथ चिखली पुलिस चौकी पहुंचे वार्ड की महिलाओं को लेकर देवेश वैष्णव ने कहा कि वे महिलाएं उनके वार्ड की नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि पुलिस की जांच पर मुझे पूरा भरोसा है, जो गलत पाए जाते हैं, उस पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करें।

### पुनः सचिव बने अनिल पोद्दार




**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के निर्देशानुसार एवं नागपुर मंडल के मंडल संयोजक इंदल दमाहे के उपस्थिति में गत दिनों सामान्य सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शाखा के सचिव अनिल पोद्दार ने द्वितीय वार्षिक आम सामान्य सभा की शुरुआत करने से पहले मां बमलेश्वरी देवी की पूजा कर अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शाखा की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। मंडल संयोजक इंदल दमाहे ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नए चुनाव कराया, जिसमें शाखा के सचिव के रूप में अनिल पोद्दार निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसी प्रकार शाखा के अध्यक्ष पद के लिए अमित डे निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी अध्यक्ष शत्रुंजय उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष सपन नायक, राजेश पांडे, सह सचिव गोपालकुमार सिंह, डेविड बागडे, राजन, एम नागेश्वर राव, संगठन सचिव संदीप यादव, तारकेश्वर राय, लक्ष्मी नारायण और क्वार्टर कमेटी हेतु पी सूर्य राव निर्वाचित हुए। इस मौके पर चंद्रशेखर, वेदप्रकाश, आशुतोष सिंह, राजीवकुमार, सुमितकुमार, सुनील कुमार इंदुरकर, अरविंद सहारे, हीरामन, सुमित सिंह, डेविड, कोमलप्रसाद, राजीव कुमार, घनश्याम, गोविंद, राहुल कुमार, जितेंद्र, आनंद, चूड़ामणि, अजय मेश्राम, राधेलाल साहू आदि उपस्थित थे।

#### अध्यक्ष को षडयंत्र कर हराया, किसी भी कार्यक्रम में नहीं बुलाने का निर्णय

# जिला साहू समाज ने विधायक दलेश्वर के खिलाफ पारित किया निंदा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस नेताओं द्वारा भीतरघात कर जिला पंचायत चुनाव में जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू को हराने का मामला राजनैतिक के बाद अब सामाजिक रूप से भी तूल पकड़ लिया है। जिला साहू समाज की बैठक में कांग्रेस के प्रति नाराजगी जाहिर करते विधायक दलेश्वर साहू के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है। यही नहीं विधायक श्री साहू को किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं करने का भी ऐलान किया गया है।

रविवार को जिला साहू संघ में बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्वप्रथम जिला संघ के अध्यक्ष भागवत साहू सहित सभी पदाधिकारी ने मां कर्मा की पूजा-अर्चना कर बैठक की शुरूआत की गई। जिसमें विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई। उक्त बैठक में चार विषयों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव जिला में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव सामाजिक पदाधिकारी के विरुद्ध डोंगरगांव विधायक द्वारा उसके चुनाव को प्रभावित करने का कार्य किया। विधायक के उक्त कृत्य के लिए जिला साहू समाज द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही जिला साहू संघ के सामाजिक कार्यक्रमों में सामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं करने का प्रस्ताव पारित किया गया।



### 25 को कर्मा जयंती का आयोजन

कर्मा जयंती 25 मार्च 2025 जिला साहू संघ में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। उक्त तिथि को किसी भी अन्य ग्राम परिक्षेत्र तहसील में कर्मा जयंती का आयोजन नहीं किया जाएगा। उसी प्रकार तहसील परिक्षेत्र में कर्मा जयंती होने पर उक्त अन्य आयोजन नहीं किया जाएगा। मां भानेश्वरी जयंती 9 मई को मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम परिक्षेत्र तहसील का सामाजिक चुनाव 15 अप्रैल से 30 में तक होगी।

### बैठक में सामाजिकजनों की रही उपस्थिति

बैठक में मोती साहू, भागवत साहू, शैलेंद्र कुमार साहू, नीलमणि साहू, नोबल साहू, नीरा साहू, भुनेश्वरी साहू, कुलेश्वर साहू, अंजु साहू, ज्ञानचंद साहू, मिलाप साहू, चंदन साहू, माधव साहू, महेश साहू, गंभीर साहू, परदेशीराम साहू, चंद्रशेखर साहू, छबिल साहू, खिलेश्वर साहू, कांति साहू, फभीत साहू, देवेंद्र कुमार साहू, कुलदीप साहू, लक्ष्मण साहू, देवेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, आशीष साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, जागेश्वर साहू, पवित साहू, विनय कुमार साहू, इतवारी साहू, तिलक साहू सहित जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण



**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी ने शनिवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरो की टीम में शामिल चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ हिमांशु नामदेव, डेंटिस्ट डां इशिता बागची, आई स्पेशलिस्ट डॉ संजय साहू ने सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर अभिभावकों को उचित उपचार कराने निर्देशित किया। शिविर में सभी बच्चों की लंबाई, वजन, आंख, दांत, बाल,नाखून आदि की जांच की गई। फाइलेरिया की गोलियां भी सभी बच्चों एवं अभिभावकों को वितरित की गई।

## केवाईसी के अभाव में रूका किसान सम्मान निधि का पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समय पर बैंक से केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नही कराने के कारण किसान सम्मान निधि की राशि के लिए भटकते किसान को पीएलवी के प्रयास से रूका हुआ पैसा मिला। नालसा एवं सालसा के विभिन्न योजनाओं को प्रचार प्रसार करने के दौरान पीएलवी गोलूदास साहू को लालदास नामक किसान मिला जिसने बताया कि 2022 से उसे पीएम किसान सम्मान निधि का सालाना 6 हजार रूपया नही मिल रहा है। कहां जाऊं क्या करूं, ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं हूं बताने पर पीएलवी गोलूदास साहू ने संबंधित बैंक के अधिकारियों कर्मचारियों से



संपर्क कर पता लगाया कि सम्मान निधि किस वजह से किसान को नही मिल पा रहा है। पता चला कि लालदास का छग राज्य ग्रामीण बैंक का खाता लेनदेन के अभाव में बंद हो गया है। केवाईसी अपडेट कराने पर राशि मिल जाएगी। इसके बाद गोलूदास साहू ने सारी कागजी प्रक्रिया किसान के साथ बैंक जाकर पूरी की, कृषि विभाग मे पंजीयन कराया जिसके बाद उसके खाते में 2022 से रुकी पूरी राशि एकमुश्त 18 हजार रुपए खाते मे अंतरण हो गया। आज के समय में जहां लोगों के पास अपनों के लिए समय नहीं है उस टाइम पर पीएलवी साहू ने मानवता दिखाते हुए विधिक सहायता अंतर्गत लालदास का काम पूरा कराया और खाते को निरंतर कराया। किसान लालदास सहित परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए पीएलबी को आशीर्वाद दिया है।

### चाकू लेकर घूमने वाला अपराधी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शहर के रेवाडीह चौक के समीप धारदार चाकू लेकर दहशत फैलाते घूम रहे आरोपी को लालबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लालबाग पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक आरोपी रेवाडीह शराब दुकान के चौक पर बटन वाला धारदार चाकू लेकर घूम रहा है।

सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को अपना नाम जीतु विश्वकर्मा पिता बसंत विश्वकर्मा 24 वर्ष निवासी ट्रांसपोर्ट नगर पेंड्री राजनांदगांव बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक नग बटन वाला धारदार चाकू जब्त किया है। लालबाग पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को रिमांड पर भेजा है।

## ग्राम पंचायत कसारी में पुनर्मतगणना की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत कसारी में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में मतदान दल द्वारा लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सरपंच पद की प्रत्याशी मुलिया दीपचंद साहू ने प्रशासन से पुर्नमतगणना की मांग की है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ को आवेदन सौंपा गया है।

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कसारी में बीते 23 फरवरी को हुए सरपंच पद के चुनाव में धांधली का आरोप लगाते सरपंच पद प्रत्याशी मुलिया साहू एवं उनके समर्थकों ने प्रशासन को पुर्नमतगणना कराने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ने वाली मुलिया साहू को निकटतम प्रतिद्वंदी से 7 मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने निर्वाचन कर्मियों पर आरोप लगाते बताया कि मतदान के दौरान करीब आधा घंटा के लिए स्याही एवं सील गायब रहा है। इस दौरान मतदान करने वालों को सील नहीं मिलने की वजह से अंगूठा लगाना पड़ा। इस लापरवाही का खामियाजा हार के रूप में उन्हें चुकाना पड़ा। श्रीमती साहू ने बताया कि मतगणना में कली निर्मल को 480 एवं मुलिया दीपचंद साहू को 473 वोट मिले। 7 वोट से हार का सामना करना पड़ा। मतगणना के दौरान अंगूठे लगे मतों को निरस्त कर दिया गया है। जिसकी वजह से हार हुई। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच कर पुर्नमतगणना की मांग प्रशासन से की है।

### पालिका का प्रथम सम्मिलन छह को



**डोंगरगढ़।** नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण, प्रथम सम्मिलन का आयोजन, उपाध्यक्ष एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन एवं आगामी 6 मार्च को प्रातः 10 बजे छोटी माँ बम्लेश्वरी प्रांगण डोंगरगढ़ में किया गया है। दोपहर 2बजे से उपाध्यक्ष एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन नगरपालिका परिषद में किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सर्वसुविधायुक्त ट्रॉमा सेन्टर
आपातकालीन चिकित्सा, विशेषकर सड़क हादसों में घायलों के उपचार के लिए आवश्यक सभी विभाग जिसमें ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोलॉजी-न्यूरोसर्जरी, थोरासिक एवं वैस्कुलर सर्जरी, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के विशेषज्ञों की 24x7 उपलब्धता



HI TEK SUPER SPECIALITY HOSPITAL Inspiring better health
हाइटेक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जुनवानी रोड, भिलाई, सूर्या टीआई मॉल के पास
0788-405 6666 • 73891-92333



एक छत के नीचे सभी सुपर स्पेशालिटी

सुपरस्पेशलिटी

कार्डियोलॉजी
- डॉ रंजन सेनगुप्ता: MBBS, MS, M.Ch, CVTS
- डॉ असलम खान: MBBS, MD, DNB (Cardio)

न्यूरोलॉजी
- डॉ नचिकेत दीक्षित: MBBS, MD (Med.), DM (Neuro)
- डॉ दीपक बंसल: MBBS, MS, MCH (Neuro)

यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी
- डॉ नवीन वैष्णव: MBBS, MS, Mch (URO)
- डॉ सुमन राव : MBBS, MD, DNB (Kidney)

शल्य चिकित्सा विभाग
- डॉ नवील कुमार शर्मा: MBBS, MS, FIAGES EFIAGES, FMAS, FALS (Colo Rectal)
- डॉ नवीन वैष्णव: MBBS, MS, MCh (Uro)

गैस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी
- डॉ आशीष देवांगन: MBBS, MD (MEDICINE), DNB

गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
- डॉ एस श्रीनाथ : MBBS
- डॉ अपूर्व वर्मा : MBBS, MS

सभी महत्वपूर्ण विभाग

स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग
- डॉ रेखा रत्नानी: MBBS, MS, MD (OBS/Gyne)
- डॉ अंजना चौधरी: MBBS, MS (Gyne)

बाल रोग विभाग
- डॉ मिथिलेश देवांगन: MBBS, MD (Paed.)
- डॉ रुचि ठाकुर: MBBS, MD & PDCC (Paed. Cardio)

अस्थि रोग विभाग
- डॉ राहुल ठाकुर : MBBS, MS (Ortho)
- डॉ दीपक सिन्हा : MBBS, DNB (Ortho)

ईएनटी एवं चर्म रोग विभाग
- डॉ अपूर्व वर्मा: MBBS, MS (ENT)
- डॉ रिद्धि अरोरा : MBBS, MD (DERM, VEN & LEPR)

डेन्टल, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी

दंत रोग, जबड़ा एवं चेहरा
- डॉ आफरीन आफताब : BDS, MDS
- डॉ वैष्णवी शर्मा: BDS

फिजियोथेरेपी
- डॉ अर्चना लछवानी : BPT
- डॉ विष्णुप्रिया : BPT

NABH Accredited
कैशलेस इलाज 24/7
ESIC, BSKY, CGHS, CORPORATE
सहित सभी प्रमुख TPA के साथ अनुबंधित

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

03032025-Raj-01 - Kawardha_Layout 1 3/2/2025 10:23 PM Page 1

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025



# मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन ने बिना माल गिराये ठेकेदार को किया करोड़ों का भुगतान

एनिश्पुरी गोस्वामी ⏭ मोहला

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के लिए मोहला में प्रस्तावित 200 बेड वाले जिला अस्पताल का निर्माण शुरू होने से पहले भ्रष्टाचार के जद में पहुंच गया है। ठेकेदार को बिना माल गिराये ही करोड़ों रुपए का भुगतान सीजीएमएस दुर्ग संभाग द्वारा किए जाने की जानकारी मिल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार नवनियुक्त जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के लिए जिला मुख्यालय मोहला में 200 बेड का जिला अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है। लगभग 35 करोड़ 65 लाख की लागत से बनने वाले इस जिला अस्पताल के निर्माण कार्य के लिए दल्ली राजहरा की नाकोडा कंस्ट्रक्शन कंपनी को ठेका दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन के अधीक्षक अभियंता अखिलेश तिवारी ने 10 फरवरी को जारी एक विभागीय पत्र के माध्यम से कार्यपालन अभियंता को जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अस्पताल भवन निर्माण कार्य में सुरक्षा अग्रिम की राशि 4.86 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस तरह से संबंधित ठेकेदार पर मेहरबानी करते उसे स्टील एडवांस के नाम पर करोड़ रुपए आबंटित कर दिया गया है। जबकि इसके एवज में नाकोडा कंस्ट्रक्शन द्वारा मोहला में निर्माणाधीन जगह के करीब जो स्टील डंप किया गया है, उसकी मात्रा 200 टन भी नहीं बताई जा रही है। और सीजीएमएससी ने ठेकेदार को लगभग 925 टन माल (स्टील) का पेमेंट लगभग 5 करोड़ रुपए 2 किस्तों में भुगतान भी कर दिया है।

## पौने 36 करोड़ का काम, भ्रष्टाचार की चढ़ा भेंट

### टेंडर में भी गड़बड़ी की आशंका

इस मामले में अगस्त 2024 को विभाग द्वारा जिला खैरागढ़, छुईखदान, गंडई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले के लिए टेंडर जारी किया गया था। इसमें तीन कंपनियों क्रमशः राम राजा मिनरल्स कंटरकसन रायपुर, वीर प्रोजेक्ट रायपुर एवं नाकोड़ा कंट्रसन ने टेंडर भरा था। सूत्र बताते हैं कि टेंडर निकालने के पहले ही रामराजा मिनरल्स और वीर प्रोजेक्ट को टेक्निकल गलती बताकर रिजेक्ट कर दिया गया और दोनों जिलों में जिला अस्पताल बनाने का सीधे नाकोड़ा कंट्रसन को दे दिया गया।



### जांच की जाएगी

ठेकेदार को जितना पेमेंट जारी किया गया है, उतनी राशि का सामान वहां पहुंचा है या नहीं, इसकी कल जांच कराई जाएगी।
- **हेमेन्द्र भुआर्य**
एसडीएम, मोहला

### चरम पर भ्रष्टाचार

पहले नाकोड़ा कंस्ट्रक्शन कंपनी को नियमों से विपरीत जाकर टेंडर दिया गया और अब बिना माल गिराये करोड़ों रुपए का एडवांस भुगतान कर दिया गया है विभाग। शासन में बैठे भाजपा के नेता और ठेकेदार की मिलीभगत से अस्पताल निर्माण को लेकर निर्माण से पहले घोटाला कर दिया गया है। जिसकी जांच और कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए।
- **इंद्रशाह मंडावी**
विधायक मोहला-मानपुर

**लगातार सूर्खियो में रहा विभाग** : छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन अपनी कार्यशैली के चलते आए दिन सुर्खियों में बना रहता है। पूर्व में भी यहां कई बड़े घोटाले हो चुके हैं। जिसकी जांच केंद्रीय स्तर पर चल रही है। अब यह नया मामला सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि यहां बड़े ओहदों पर बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की पहुंच उच्च नेताओं तक है। जिसके चलते कोई भी इन भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करने से बचता है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक में भिड़ंत, दो की मौत

**सड़क अतरिया।** यातायात विभाग के लगातार कार्रवाई एवं समझाइश के बाद भी तेज रफ्तार मोटर साइकिल पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, जो क्षेत्र में दुर्घटना का बड़ा कारण बना हुआ है। कल चकनार नर्मदा के मध्य रविवार की शाम तेज रफ्तार मोटर साइकिल की आमने-सामने टक्कर ने दो युवक की जान ले लिया। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब साढ़े चार, 5 बजे गोकना निवासी खोमलाल साहू पिता ओमप्रकाश अपने मित्र हेमंत पटेल के साथ नर्मदा से गंड़ई की ओर आ रहा था, तभी नर्मदा चकनार मध्य पुल के आगे पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल से जबरदस्त भिंडत हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों मोटर साइकिल की टक्कर काफी जोरदार था। टक्कर की आवाज काफी दूर तक गूंजा। दोनों मोटर साइकिल का परखच्चा उड़ गया तथा टक्कर के बाद बाइक सवार तीनों युवक इधर उधर गिर पड़े। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल 112 को दुर्घटना की जानकारी दिया। कुछ देर बाद गंड़ई पुलिस एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और तीनों घायल युवकों को गंड़ई चिकित्सालय लेकर आई, जहां दो युवक गोकना निवासी खोमलाल साहू पिता ओमप्रकाश 15 वर्ष तथा राजनांदगांव तुलसीपुर निवासी चन्द्रप्रकाश गुप्ता पिता रामगोपाल गुप्ता 38 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं हेमंत पटेल के पैर में गंभीर चोंट आने से जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। गंड़ई-छुईखदान के मध्य आए दिन तेज रफ्तार दो एवं चार पहिया वाहन के कारण दुर्घटना होते रहती है, जिस पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी हो गया है। वाहन चालक वाहन में नियंत्रण नहीं रख पाते और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

## भाजपा और कांग्रेस में प्रभारियों ने की बैठक, निगम अध्यक्ष और जिला पंचायत के लिए बनी रणनीति

# पर्यवेक्षकों ने टटोला मन, वन-टू-वन रायशुमारी के बाद निगम और जिपं अध्यक्ष के लिए पैनल तैयार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चुनावी परिणाम आने के बाद अब सभी को शपथ ग्रहण और नगर निगम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष चयन का इंतजार है। दोनों में बहुमत हासिल करने वाली भाजपा ने भी दोनों पद के लिए चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। रविवार को नगर निगम और जिला पंचायत के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए सांसद रूपकुमारी चौधरी और भूपेन्द्र सवन्नी राजनांदगांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों से वन-टू-वन चर्चा कर पहले उनका मन टटोला। जिसके बाद जिला संगठन के वरिष्ठ नेताओं से भी रायशुमारी की।

पार्टी सूत्रों की माने तो रायशुमारी और चर्चा के आधार पर नगर निगम अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष दोनों ही पदों के लिए दो से तीन नामों का पैनल तैयार कर लिया गया है। इस पैनल में से ही किसी एक नाम का ऐलान पार्टी द्वारा शपथ ग्रहण के दिन किया जाएगा। हालांकि पर्यवेक्षक के समक्ष कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपनी मंशा सामने रखते हुए स्वयं को मौका देने की बात रखी है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश संगठन ने रायगढ़ से सांसद रूपकुमारी चौधरी को नगर निगम के लिए और भूपेन्द्र सवन्नी को जिला पंचायत के लिए पर्यवेक्षक बनाया था। दोनों ही पर्यवेक्षक बैठक के लिए रविवार को भाजपा कार्यालय पहुंचे थे। पहले नगर निगम के नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों से पर्यवेक्षक श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने चर्चा की। इसके बाद जिला पंचायत के सदस्यों से भूपेन्द्र सवन्नी मिले।

### महिला को बनाने रखी मांग

पर्यवेक्षक रूपकुमारी चौधरी के सामने ही भाजपा की वरिष्ठ महिला पार्षद मणिभास्कर गुप्ता ने अपनी बात रखते कहा कि इस बार रिकार्ड 15 महिला पार्षद चुनकर आई है। ऐसे में इनमें से किसी एक को निगम अध्यक्ष बनाया जाए। इसके लिए उन्होंने बकायदा एक पत्र भी पर्यवेक्षक को सौंपा है। बताया गया कि इस पत्र में अधिकांश महिला पार्षदों के हस्ताक्षर थे।

### आधा दर्जन के नाम आगे

मिली जानकारी के अनुसार करीब आधा दर्जन नाम प्रमुखता से आगे चल रहे हैं। इनमें पारस वर्मा, आलोक श्रोती, शिव वर्मा, मणिभास्कर गुप्ता, शैंकी बग्गा, राजा माखीजा के नाम शामिल हैं। यह भी कहा जा रहा है कि इनमें से ही किसी एक नाम पर मुहर लगाई जा सकती है। पार्टी के भीतर भी निगम अध्यक्ष पद को लेकर जमकर खींचतान देखने को मिल रही है। सभी वरिष्ठ नेता अपने-अपने समर्थक के लिए जोर लगा रहे हैं।




### जिपं का 5, निगम में 8 को चुनाव

ज्ञात हो कि जिला पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव आगामी पांच मार्च को होना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार उस दिन ही नामांकन के पहले अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए नाम घोषित किए जाएंगे। वहीं इसके बाद 8 मार्च को निगम के नवनिर्वाचित पार्षद शपथ लेंगे। उस दिन ही दोपहर को निगम अध्यक्ष का चुनाव करा लिया जाएगा।

### जिपं में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए माथापच्ची

इधर जिला पंचायत के लिए भी पर्यवेक्षक ने वन-टू-वन रायशुमारी के बाद पैनल तैयार करने का काम किया। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए किरण रविन्द्र वैष्णव का नाम सबसे आगे चल रहा है। उनके अलावा जागृति चुन्नी यदु और देवकुमारी साहू के नाम भी हैं। वहीं उपाध्यक्ष के लिए भी दो से तीन नाम का पैनल तैयार कर लिया गया है।

## अधिकृत हारे, अब निर्दलीय पर दांव

राजनांदगांव। जिला पंचायत चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों की करारी हार के बाद कांग्रेस ने निर्दलीय तौर पर चुनाव जीतने वाले तीन जिला पंचायत सदस्यों पर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव में दांव खेलने की रणनीति तैयार की है। रविवार को पर्यवेक्षक दीपक मिश्रा की अध्यक्षता में आहूत बैठक में जिला पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती विभा साहू और उपाध्यक्ष पद में महेन्द्र यादव को चुनाव लड़ाने का ऐलान किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत के चुनाव में कांग्रेस विधायकों की पसंद से प्रत्याशी अधिकृत करने के चक्कर में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं हासिल हो सकी है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले बागी नेताओं की जीत के बाद कांग्रेस ने अब निर्दलीय के सहारे चुनाव जंग में उतरने की तैयारी की है। जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के नामांकन प्रक्रिया में प्रत्याशी के अलावा एक प्रस्तावक और एक समर्थक होना जरूरी है। कांग्रेस जीरो की स्थिति में है। यही कारण है कि तीन निर्दलीय पर दांव खेलने की रणनीति तैयार की गई है। विभा साहू अध्यक्ष व महेन्द्र यादव को उपाध्यक्ष चुनाव लड़ाया जाएगा। पार्टी नेताओं को चुनाव में भाजपा से क्रॉस वोटिंग की उम्मीद भी है। अंगेश्वर देशमुख दोनों पदों के चुनाव में प्रस्तावक के रूप में शामिल होंगे।

## अध्यक्ष का चुनाव लड़ेगी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए बना पैनल

### बहुमत से दूर होने के बाद भी कांग्रेस उतारेगी प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के 51 वार्ड में सिर्फ आठ वार्ड में जीत हासिल करने वाली कांग्रेस ने अब निगम अध्यक्ष के पद पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। क्रॉस वोटिंग की आस में कांग्रेस ने शीघ्र ही प्रत्याशी का ऐलान करने के संकेत भी दे दिए हैं। इधर निगम के नेता प्रतिपक्ष को लेकर रविवार को एक निजी होटल में हुई वन-टू-वन रायशुमारी में दो नामों का पैनल तैयार किया गया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि आठ मार्च को इसकी घोषणा की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नेता प्रतिपक्ष और निगम अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी करने के लिए प्रदेश कांग्रेस के नेता दीपक मिश्रा को पर्यवेक्षक बनाया है। श्री मिश्रा ने आज दोपहर शहर के एक निजी होटल में पार्षदों और संगठन के नेताओं के साथ रायशुमारी की। सूत्रों ने बताया कि निगम चुनाव में करारी हार की समीक्षा के साथ-साथ निगम अध्यक्ष के चुनाव को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। बताया जाता है कि रायशुमारी में निगम अध्यक्ष के पद के लिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया भी पूरी की गई है। वहीं नेता प्रतिपक्ष के लिए वन-टू-वन रायशुमारी में वरिष्ठ पार्षद हफीज खान और संतोष पिल्ले का नाम सामने आया है। पर्यवेक्षक दीपक मिश्रा ने दोनों नामों का पैनल तैयार कर पीसीसी में सौंपे जाने की बात कही है।



### बागी पार्षदों का कांग्रेस प्रवेश नहीं

पर्यवेक्षक की उपस्थिति में आहूत बैठक में कांग्रेस ने एक कड़ा फैसला भी लिया है। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी से बागी होकर चुनाव जीतने वाले पार्षदों का पार्टी में प्रवेश नहीं कराने का निर्णय लिया है। कांग्रेस के बागी पार्षद शरद कुशवाहा, युधिष्ठिर देवांगन और बैनाबाई टुरहाटे का कांग्रेस प्रवेश अटक गया है। कुछ नेताओं का बैठक में यह भी कहना था कि प्रवेश कराने से कांग्रेस की संख्या आठ से 11 हो जाएगी, लेकिन अधिकांश नेताओं के विरोध के चलते प्रवेश रोक दिया गया।

### कांग्रेसी विधायकों ने बैठक से की तौबा

जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर आहूत बैठक में कांग्रेस के एक भी विधायक मौजूद नहीं रहे। सूत्रों ने बताया कि पर्यवेक्षक के सामने कांग्रेस नेताओं ने विधायकों के खिलाफ जमकर भड़ास भी निकाली। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि विधायकों के हठ के कारण ही पार्टी की दुर्दशा हुई है। विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई।

### बैठक में दो नेताओं के बीच नोंक-झोंक

निगम अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर रायशुमारी करने पहुंचे कांग्रेस नेता दीपक मिश्रा के सामने शहर कांग्रेस के दो नेताओं के बीच नोंक-झोंक की स्थिति भी निर्मित हो गई। बताया जाता है कि बैठक में एक महिला पार्षद ने अपने बेटे को भेज दिया था। संगठन के नेता ने जब इसका विरोध किया तो वहां विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।

## शराब की अवैध बिक्री, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ जारी अभियान के तहत रवि नामक व्यक्ति बिहार पटना ढाबा के पास साईड गली के एक मकान के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है।

सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु आईपीएस ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में थाना स्टाफ और पेट्रोलिंग के साथ बिहार पटना ढाबा रीवागहन में रेड कार्रवाई किया गया। जिसमें आरोपी रवि यादव पिता चनीरक यादव 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 20 पेंड्री के निशानदेही पर ढाबा के साईड गली में स्थित मकान के पास से प्लास्टिक बोरी में 42 पौवा देशी शराब और 46 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। जिसकी कीमत 5980 रुपए और आरोपी से अवैध शराब बिक्री रकम 750 रुपए बरामद किया गया। लालबाग पुलिस ने इस मामले में ढाबा संचालक उदेश यादव पिता मोहन यादव 27 वर्ष निवासी पेंड्री की संलिप्तता पाए जाने पर दोनों आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## आरोपी गिरफ्तार, धारदार बटन चाकू भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शांतिनगर वार्ड नंबर 6 के पार्षद सुनील साहू द्वारा स्वयं के ऊपर हुए चाकू से हमले के मामले में पुलिस चौकी का घेराव कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की गई थी। जिसके बाद कार्रवाई करते चिखली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बीते 1 मार्च को पार्षद सुनील साहू द्वारा चिखली पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि रात्रि लगभग 12 बजे के बीच राजू कोयला बुलेट मोटर साइकिल से आकर रास्ता रोककर अश्लील गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी राजू मेश्राम ने कहा कि देवेश वैष्णव के खिलाफ जो अपराध पंजीबद्ध करवाया गया था, उसमें जिसने-जिसने गवाही दिया है, उन सबका मर्डर करूंगा और उसमें तुम्हारा नंबर पहला है, बोलकर अपने पास रखे धारदार चाकू को निकालकर मुझे डरा-धमका रहा था। मैं अपने बचाव में पीछे हटा तो मेरे पेट में बांयी ओर चाकू से चोंट लगा है। इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 126 (2), 296, 351 (2) भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी और टीम गठित कर अश्लील गाली-गलौज कर आरोपी राजू मेश्राम उर्फ करिया राजू पिता राजेन्द्र मेश्राम 25 साल साकिन शांतिनगर वार्ड को त्रिवेणी परिसर से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

## नशे में धुत होकर कार्यालय पहुंचने वाला शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नोटिस का जवाब देने शराब के नशे में धुत होकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहला पहुंचने वाले शिक्षक को विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के बाद संभागीय संयुक्त संचालक ने निलंबित कर दिया है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहला से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हली में पदस्थ शिक्षक पूरनलाल कंवर 8, 11 और 13 फरवरी को बिना सूचना अनुपस्थित था। जिसके लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला ने नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। नोटिस का जवाब देने शराब के नशे में धुत होकर शिक्षक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय उपस्थित हुआ। शिक्षकीय गरिमा के प्रतिकूल व्यवहार करने वाले इस शिक्षक के ऊपर त्वरित कार्रवाई करते विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र देवांगन ने उक्त शिक्षक का डॉक्टरी मुलायजा कराया। जिसमें पाया गया कि शिक्षक नशे में धुत है। जिसके बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने उच्च कार्यालय को संबंधित शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। जिसके बाद संभागीय संयुक्त संचालक दुर्ग आरएस ठाकुर ने तत्काल प्रभाव से शराबी शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

### 112 के माध्यम से शिक्षक को भेजा अस्पताल

नोटिस का जवाब देने नशे की हालात में कार्यालय पहुंचे शिक्षक के खिलाफ एक्शन लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र देवांगन ने डायल 112 के माध्यम से अस्पताल पहुंचाते हुए डॉक्टरी जांच कराया। जिसमें पुष्टि हुई कि शिक्षक नशे में धुत है।

### प्रस्तुत किया प्रतिवेदन

शराब के नशे में कार्यालय पहुंचने वाले शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्च स्तर पर विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसके उपरांत संभागीय संयुक्त संचालक ने इसे गंभीरता से लेते उक्त शिक्षक को निलंबित कर दिया है।
- **राजेंद्र देवांगन,** विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मोहला

## रमजान महीने के अंत में मनाई जाएगी ईद, मस्जिदों में रौनक

# इबादत का महीना रमजान शुरू, मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इबादत का महीना रमजान की शुरूआत हो चुकी है। शनिवार को चांद के दीदार के साथ ही आज से रोजे रखने का सिलसिला शुरू हो गया है। रमजान को लेकर शहर के मस्जिदों में भी खुबसूरत रौशनी की गई है। वहीं मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज भी पढ़ाई जा रही है। रमजान का पाक महीना अल्लाह की रहमतों से भरा हुआ होता है। इस महीने में चांद के अनुसार 29 या 30 रोजे पूरे होते हैं। वहीं इस्लाम धर्म को मानने वाले अल्लाह की इबादत करते हैं। रोजेदारों की इस इबादत का इनाम अल्लाह इस माह के रोजे पूरे होने पर ईद के रूप में देता है।

### खास बातें

- चांद के दीदार के साथ रोजा शुरू
- मस्जिदों में तरावीह की नमाज भी पढ़ी जा रहा है
- रोजे पूरे होने पर मनेगी ईद



**फर्ज होते हैं रोजे :** मुस्लिम समाज में रमजान के महीने में बच्चों से लेकर हर उम्र के लोगों द्वारा रोजे रखे जाते हैं। इस दौरान सूर्यास्त से पहले सेहरी और सूर्यास्त के बाद इफ्तार किया जाता है। रमजान महिने का पहला रोजा रविवार को रखा गया।

### इस्लामिक नवां महीना

इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रमजान साल का नौवां महीना होता है। इस पूरे महीने रोजा रखना सिर्फ खाना-पीना छोड़ देने का नाम नहीं है। असली मकसद भूख और प्यास की तकलीफ को समझना है। रोजा सब्र और गलत चीजों से परहेजगारी भी सिखाता है।

### इस महीने जकात का महत्व

रमजान महीने में अल्लाह की इबादत के साथ ही जकात यानी दान का भी बड़ा महत्व है। ईद की नमाज से पहले जकात अदा कर दी जाती है। जकात, इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। जिसमें अपनी संपति का कुछ हिस्सा मुफलिसों और जरूरतमंदों को दान किया जाता है।

KAWA PAGE 13 MARCH 02_Layout 1 3/2/2025 10:17 PM Page 1



## नगर पंचायत पिपरिया में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# विजय शर्मा नपं पिपरिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पाण्डेय नगर पंचायत पिपरिया में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक ने नव निर्वाचित अध्यक्ष घुरुवा राम साहू और अन्य पार्षदों को शपथ दिलाई। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पिपरिया नगर पंचायत में अब ट्रिपल इंजन की सरकार के साथ पूर्ण बहुमत से नई सरकार का गठन हुआ है। यह सरकार अनुभवी नेताओं और युवा प्रतिनिधियों के संयोजन के साथ शहर के समग्र विकास को एक नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नगर पंचायत पिपरिया में राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा, जिससे नगर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का समुचित विकास संभव हो सके। विष्णुदेव सरकार का उद्देश्य पिपरिया को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं से युक्त बनाना है। हम शहर में जल आपूर्ति, सड़क निर्माण, स्वच्छता और अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

अब नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के नेतृत्व में इन प्रयासों को और गति मिलेगी, जिससे नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा और शहर की बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण पश्चात नगर पंचायत पिपरिया के 4वें अध्यक्ष के रूप में घुरूवा राम साहू एवं 15 वार्ड के पार्षदों द्वारा पद एवं गोपनीयता का शपथ लिया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी (रा) कवर्धा द्वारा संपन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा एवं राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडेय, राजेन्द्र चंद्रवंशी जिलाध्यक्ष भाजपा कबीरधाम, पूर्व विधायक सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, अशोक साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश अग्रवाल, रामकुमार भट्ट, भाजपा जिला महामंत्री क्रांति गुप्ता, पिपरिया नगर पंचायत के प्रशासक एवं तहसीलदार के अलावा नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य क्रमशः कैलाश चंद्रवंशी, बीरेन्द्र साहू, पिपरिया के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल, लोकेश साहू, गेंदलाल केशरी, कृष्णकांत शास्त्री, समयलाल तंबोली, झगराम साहू, तुकाराम साहू, सुनील साहू, रविन्द्र देवांगन, नंदा पाटिला, राधे साहू, साहू समाज के जिलाध्यक्ष पतिराम साहू, रामकुमार केशरी, नीलू ठाकुर, राजेश पटेल सहित नगर के प्रबुद्ध व आम नागरिकों में अत्यंत हर्षोउल्लास रहा। नगर के जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री-कवर्धा विधायक के समक्ष आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे नगर को विकास की गति देने का आग्रह किया गया। जिसे उपमुख्यमंत्री-कवर्धा विधायक श्री शर्मा द्वारा सहर्ष स्वीकार किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में उपस्थित सभी लोगों का योगेश्वर नेताम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत पिपरिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पंचायत पिपरिया के अधिकारी-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

### क्षेत्र में जनसेवा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएः डिप्टी सीएम

उन्होंने नगर पंचायत पिपरिया के जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जनसेवा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार शहरों के विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी और नागरिकों की भलाई के लिए लगातार काम करेगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान सभी को एकजुट होकर शहर के विकास में अपना योगदान देने की अपील की।



# कृष्णा पटेल को मिला राष्ट्रीय युवा गौरव सम्मान

- समाज के लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वनांचल क्षेत्र ग्राम सिवनी खुर्द-रेंगाखार कला के कृष्णा पटेल को राष्ट्रीय युवा गौरव सम्मान 2025 से हुए सम्मानित। अखिल भारतीय साहित्य मंथन शोध संस्थान नई दिल्ली की ओर से राष्ट्रीय सेमिनार संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन बीते दिन उत्तरप्रदेश के वाराणसी मे नागरी नाटक मंडली मे आयोजित किया गया।

जिसमे राष्ट्रीय संघोष्ठी मे विकसित भारत के सन्दर्भ में भारत का बदलता स्वरुप के विषय मे रखा गया था, जिसमे कृष्णा पटेल ने अपने शोध पत्र वाचन किया, जिसमे बताया कैसे माइक्रोबायोलॉजिकल रिसर्च और इन्नोवाशन से हमारे भारत को आर्थिक और रिसर्च के फील्ड मे 2047 तक कैसे विकसित भारत के ओर जा सकते है। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि डॉ वीरेंद्र कमलवंशी विभागध्यक्ष एग्रीकल्चर व अर्थशास्त्र विभाग, विशिष्ट अतिथि सुनीता मीणा, डॉ सुधांशबाला साहू, बीज वक्ता डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ और साजेंट अभिमन्यु पाण्डेय, मन्नू वरिष्ठ साहित्य कार खुशीनगर उत्तरप्रदेश के द्वारा सम्मानित हुए।

यह सम्मान कृष्णा पटेल को उनके चित्रकारिता (पुस्तक आवरण चित्र) के क्षेत्र मे बहुत अच्छे कार्य के लिए दिया गया। कृष्णा पटेल वर्तमान मे केबीसी प्रकाशन दिल्ली, अभासामशो संस्थान नई दिल्ली और बिलासा प्रकाशन बिलासपुर के मुख्य बुक कवर डिजाइनर हैं। इनको पहले भी 2024 मे आयोजित सम्मान समारोह जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ मे अखिल भारतीय काला शारथी सम्मान, 2023 आगरा उत्तरप्रदेश मे साहित्य मंथन उत्कृष्ट चित्रकार और 2021 कोलकाता पश्चिम बंगाल मे केबीसी नव प्रतिभा सम्मान से सम्मानित हो चुके है, वहीं माता-पिता और समाज के लोग आशीर्वाद और बधाई दिए है।

# ग्राम पंचायत चचेड़ी में सासंद ने शिव मंदिर में किया पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम पंचायत चचेड़ी मे पूर्वजों के द्वारा लग-भग सौ वर्ष पूर्व स्थापित शिव मंदिर का जीर्णोद्वार पिछले वर्ष ही गांव वालों के द्वारा कराया गया था। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर्व 26 फरवरी को भगवान महादेव की पूजा अर्चना व जलाभिषेक विधि विधान से किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डेय शिव मंदिर में अभिषेक तथा पूजा अर्चना किया गया। वहीं नवनिर्वाचित निर्विरोध सरपंच श्रीमती पल्लवी राघवेन्द्र तिवारी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत



किया गया। वहीं इस दौरान उन्होने ग्रामीणों की मांग पर सांसद द्वारा मां काली माता के मंदिर बनवाने की घोषणा से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। जिस पर ग्रामीण कौशल तिवारी, विशाल तिवारी, डॉ रमाकांत ने तालियों से स्वागत किया। इस दौरान भगवान तिवारी, नीलकंठ, अशोक, शैलेन्द्र, राजेन्द्र, नवल, विजय किशोर, प्रदीप, लिटिल तिवारी, देवानंद सोनी, ढलगू चन्द्राकर, राधेलाल, राजेन्द्र देवांगन, जगदेव, कृपाराम, उपस्थित थें। वहीं आचार्य कमलेश मिश्रा व भरत शर्मा ने सांसद को चंदन लगाते हुए स्वस्थ, दीर्घायु व सभी मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वचन देते हुए स्वागत किया।

# बच्चों से लेकर बुजुर्गों में बहरापन की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शादी-ब्याह के इस दौर में तेज ध्वनि यंत्र जैसे डीजे, धूमाल व अन्य गाजे बाजे के साथ शोरगुल सुनाई दे रही है। जिससे इस कान फाडू तेज आवाज ध्वनि यंत्रों से बच्चों सहित बुजुर्गो में बहरापन की आशंका बनी हुई है। साथ ही साथ आधुनिक युग में नए नए ध्वनि यंत्रक मशीन के अविष्कार व तेज आवाज वाली डीजे धुमाल सहित हैडफोन के इस्तेमाल से सुनने की समस्या बढ़ रही है,



विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक 2050 तक लगभग 25 अरब लोग किसी न किसी रूप से सुनने की समस्या से ग्रसित हो सकते हैं, रिपोर्ट के मुताबिक यह खतरा निम्न और मध्य आय वाले देश में ज्यादा है। रिपोर्ट में एक अरब से ज्यादा युवा कान के लिए असुरक्षित उपकरणों का उपयोग करने के कारण जोखिम में है। ध्वनि प्रदूषण से बदल रहा है जेनेटिक्स ध्वनि प्रदूषण भी हियरिंग लास का बड़ा कारण है, वहीं अत्यधिक शोर के कारण कान की अंदर हेयर सेल्स क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, जिससे सुनने की क्षमता कम हो जाती है जिनके कारण से बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक कान की बहरापन होने की आशंका बनी हुई है।

### देखरेख के अभाव में हैंडपंप बंद पेयजल की समस्या बढ़ी

**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी स्थित ग्राम नाऊडीह स्थित में जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों की भारी अनेदखी व देखरेख के अभाव में सप्ताह भर से हैंडपंप बंद पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या बनी हुई है। ग्रामीण रहवासियों ने बताया कि देखरेख के अभाव व सुधार तथा मरम्मत कार्य नही होने से हैंडपंप सप्ताह भर से बंद है जिनके कारण से पेयजल की समस्या खड़ी हो गई है। वहीं शासन प्रशासन द्वारा सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया गया साथ ही साथ घरों-घर नल कनेक्शन कराया गया। जिसके बाद भी ग्रामीण रहवासियो को नल जल जीवन मिशन का लाभ से वंचित है।

### पीड़ित परिवार को दी गई सहायता



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम पंचायत मक्के-बैजलपुर निवासी नव निर्वाचित युवा सरपंच कार्तिक साहू द्वारा नया सोच नया विकास व सुख-दुख तथा बुनियादी सुविधाओं के तहत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपनी घोषणा पत्र जारी किया गया। जिसमें युवा सरपंच कार्तिक साहू द्वारा दशगात्र कार्यक्रम में 1 टीन तेल, 50 किलो चांवल सहयोग, ग्राम पंचायत मक्के-बैजलपुर में लड़की बिहाव पर 21 सौ रूपए व लड़का बिहाव में 11 सौ रूपए देने, ग्राम पंचायत मक्के बैजलपुर में सफाई कर्मचारी, पेड़-पौधा के देख रेख व ग्राम पंचायत में चौंक चौराहों में लाइट व्यवस्था तथा नवरात्रि पर्व में एक-एक मां दुर्गा मूर्ति की सहयोग की घोषणा की गई। वहीं नव निर्वाचित सरपंच श्री साहू द्वारा मक्के निवासी मुकेश साहू माता के दशगात्र कार्यक्रम में अपने वादा पूरा करते हुए 1 टीन तेल व 50 किलो चांवल शोकाकुल परिवार को सहायता प्रदान किया गया, जिसमें समस्त ग्राम पंचायत वासी, पंच गण जिसमें मनोहर साहू, देवचरण निषाद, भारत साहू, नंदराम साहू, सुखचैन साहू, संतराम साहू, मंतु साहू, घनश्याम यादव, अजय साहू, खिलेश साहू, अयोध्या साहू, सुरित मानिकपुरी तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी का सीनियर सिटीजन ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शुक्रवार को सियान जतन कवर्धा में सीनियर सिटीजन समिति के 6 सदस्यों का सामूहिक जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बसंत शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, जीआर चंद्रवंशी, जीपी शर्मा, सतीष यदु और अशोक देवांगन ने जन्मोत्सव के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष मदन तंबोली ने सबको शुभकामनाएं दी, सभी साथियों ने मिलकर 6 साथियों को उपहार भेंट किए एवं स्वल्पाहार कराया।

वरिष्ठ सदस्य बसंत शर्मा ने कहा कि सीनियर सिटीजन समिति एक ऐसा संगठन है जो रिटायर होने के बाद सम्मानित करता है। इस अवसर पर जीआर चंद्रवंशी, बीपी गुप्ता, संतोष मिश्रा ने मानस की चौपाइयां प्रस्तुत की। कवर्धा नगर पालिका चुनाव में शानदार विजय हासिल करने पर समिति ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी का अभिनंदन करते हुए शाल और श्रीफल भेंट की गई। साथ ही वार्ड क्रमांक 8 के नव-निर्वाचित पार्षद दुर्गेश अवस्थी का भव्य स्वागत किया। जिस पर आदित्य श्रीवास्तव ने नगर के समग्र विकास के लिए श्री चंद्रवंशी के संकल्प को सदस्यों को बताया।

श्री चंद्रवंशी ने सीनियर सिटीजन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केवल मुझे अध्यक्ष बना देने से आप लोगों का दायित्व समाप्त नहीं हो जाता, बल्कि नगर विकास के लिए अपने आशीर्वाद के साथ-साथ सतत मेरा मार्गदर्शन करने की अपेक्षा करता हूं। जो प्यार और दुलार नगरवासियों ने दिया है उसके अनुरूप नगर विकास करने का भरपूर प्रयास करूंगा। इस पांच वर्ष का एक-एक पल आपकी सेवा में समर्पित रहेगा। उन्होंने 2 मार्च को होने वाले शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आमंत्रण भी दिया। बीपी सोनी, पंकज ठाकुर, चंद्रहास ठाकुर, सुरेंद्र नवीन ने स्वल्पाहार प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाया। उपाध्यक्ष सुखीराम चंद्रवंशी ने आभार प्रदर्शन किया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन समिति के सदस्य व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।


### लिटिल स्टार मॉडर्न पब्लिक स्कूल रैतापारा में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



**हरिभूमि कवर्धा।** लिटिल स्टार मॉडर्न पब्लिक स्कूल रैतापारा में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ 10वें वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन विगत दिनों गुरूवार को किया गया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश चन्द्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, रामनारायण चंद्रवंशी, शेषनारायण चंद्रवंशी, तुकेश चंद्रवंशी उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया तत्पश्चात स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं मुख्य अतिथियों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम स्कूल के डायरेक्टर प्रमोद वर्मा, प्राचार्य जेबी नायक, शिक्षक शिक्षिकाएं मनोज चंद्रवंशी, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, विष्णु चंद्रवंशी, निशा चंद्रवंशी, गणमान्य नागरिक गण, ग्रामीण व क्षेत्रवासी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## विशाल पानी टंकी बनी शोपीस, जिम्मेदार बेपरवाह

# प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना के लाभ से वंचित ग्रामीण



- पेयजल की समस्या से बढ़ी ग्रामीणों की मुसीबत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

ग्राम पंचायत रापा के आश्रित ग्राम पीपरमाटी व ग्राम पंचायत घोरपेंड्री शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना अंतर्गत करोड़ों रूपए की लागत राशि से विशाल पानी टंकी का निर्माण कराया गया।

लेकिन विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण रहवासियो को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार वर्षो पहले ग्राम पीपरमाटी व ग्राम पंचायत घोरपेण्ड्री मे विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य साथ ही साथ घरों घर नल कनेक्शन किया गया।

जो की वर्तमान में सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ी हुई है। वहीं रहवासियों को शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना का लाभ ग्राम पीपरमाटी व ग्राम पंचायत घोरपेण्ड्री के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं कोसो दूर है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन तथा विभागीय अधिकारियों एवं जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा व शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना का लाभ मिल सकें।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खेल में विशेष सहयोग के लिए रीना सम्मानित

**कवर्धा।** शासकीय राजमाता विजया राजे सिंध्या कन्या महाविद्यलय कवर्धा में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल के क्षेत्र मे विशेष सहयोग और योगदान जिले के युवक युवतियों को प्रेरित करने के लिए जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सांसद संतोष पांडेय शामिल हुए। उन्होंने सभी - युवाओं से खेलकूद से जुड़ कर अपने शारीरिक व मानसिक विकास करते हुए फिट इंडिया अभियान में अपना योगदान देने के लिए कहा। सांसद संतोष पांडेय ने खेल के प्रति विशेष सहयोग करने वाली रीना शर्मा को भी सम्मानित किया।

### हर किसान की बनेगी डिजिटल फॉर्मर आईडी

**कवर्धा।** शासन कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। एग्री स्टेक परियोजना के तहत जिले के प्रत्येक किसान की डिजिटल फॉर्मर आईडी (किसान कार्ड) बनाई जा रही है। कृषि भूमि को आधार से भी जोड़ा जाएगा। इस पहल के माध्यम से किसानों को कृषि योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। जिसमें पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना समेत अन्य योजना शामिल हैं।

### अच्छी रैंकिंग की तैयारी के दिए निर्देश

**कवर्धा।** डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव ने सभी नगरीय निकाय की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। इसमें सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। जहां सभी नगरीय निकायों को केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में अच्छी रैंकिंग हासिल करने के लिए पुख्ता तैयारी के निर्देश दिए। दस मापदंड, 54 प्रमुख संकेतक व 166 सह-संकेतकों की जानकारी दी।

### भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 3 मार्च तक

**कवर्धा।** डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवकों की अखिल भारतीय स्तर पर कुल 21 हजार 413 पदों पर भर्ती होगी। इसमें छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल में डाक/आरएमएस संभाग रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर, बस्तर, दुर्ग, सरगुजा, राजनांदगांव, आरपी अंतर्गत ग्रामीण डाक सेवक पद के लिए 3 मार्च तक आवेदन का सकते हैं।








**शपथ ग्रहण:** स्वच्छ-सुंदर और विकसित कवर्धा शहर की परिकल्पनाओं को साकार किया जाएगा: उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

# वैदिक मंत्रोउच्चारण, शंखनांद के बीच ईश्वर की शपथ के साथ अध्यक्ष, पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को कवर्धा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी सहित पार्षदों को एक यादगार और अनोखा समारोह आयोजित कर शपथ दिलाई गई। इस समारोह में कबीरधाम जिले के सभी प्रसिद्ध मंदिरों के पुजारियों के वैदिक मंत्रोउच्चार, शंखनांद और ईश्वर की शपथ के साथ शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय और विशेष रूप से आमंत्रित राजीव लोचन महराज उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिथियों ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कैलाश चंद्रवंशी, डॉ. वीरेन्द्र साहू ईश्वरी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, गोपाल साहू, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, क्रांती गुप्ता सहित समस्त जनप्रतिनिधि, मंदिर के पुजारी, समाज प्रमुख, स्व सहायता समूह की दीदीया, कवर्धा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की कार्यशैली और उनके समर्पण की सराहना की। विजय शर्मा ने कहा कि वे एक जननेता हैं और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत के रूप में उभरे हैं। उनका कार्य केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने कवर्धा शहर के प्रत्येक वर्ग युवाओं, बुजुर्गों, माताओं-बहनों, व्यापारियों सहित सभी समुदायों के साथ मिलकर काम किया है। वे ऐसे मिलनसार नेता हैं, जिन्होंने प्रचंड मतों से चुनाव जीतकर अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। जिस दिन चुनाव परिणाम आया, उस दिन सुबह से ही कवर्धा शहर की सड़कों पर काम करते हुए दिखाई दिए थे। यह उनके समर्पण और मेहनत का प्रतीक है। वे हमेशा शहर के व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए चिंतित रहते हैं और इस समय भी वे शहर के विकास के मुद्दों पर सोच-विचार कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में कवर्धा नगर पालिका में बहुत सकारात्मक बदलाव आएगा। कबीरधाम जिले के सभी नगरीय निकायों में जनादेश के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनगी है। अब और तेज गति के साथ पूरे जिले का जन आकांक्षाओं के साथ समुचित विकास की अवधारणाओं के पूरा किया जाएगा। कवर्धा नगर पालिका में व्यवस्थागत सुधार होंगे और यहां की नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कवर्धा में बड़ी परियोजनाओं का कार्य तेजी से चल रहा है। कई करोड़ों रुपए की विकास कार्य चल रहें है, जो शहर के विकास को नई दिशा देने में सहायक होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि विष्णुदेव सरकार ने कवर्धा में बुनियादी सुविधाओं को सुदढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है, जिससे शहर के नागरिकों को और भी बेहतर जीवन की सुविधाएं मिल सकेंगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में आने वाले समय में कवर्धा को एक बेहतर, स्वच्छ और विकसित नगर बनाने का विश्वास जताया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी ने शपथ ग्रहण के बाद अपने संकल्प को साझा करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य कवर्धा शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि वे छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की परिकल्पना को साकार करने के लिए पूरी नगर पालिका टीम के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि कवर्धा को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित किया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट कीं और उम्मीद जताई कि वे शहर के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना और शहरी क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं का विकास करना रहेगा।



### अपने संकल्प के अनुरूप कवर्धा को बनाएंगे दिव्य और भव्य नगर:चन्द्रप्रकाश

शपथ ग्रहण के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए कवर्धा नगर पालिका के नवपदस्थ नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि हम चुनाव में कवर्धा नगर एक दिव्य और भव्य नगर बनाने का संकल्प लेकर उतरे थे। आज शपथ ग्रहण के बाद से इस संकल्प को पूरा करने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होने कहा कि कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशा के अनुरूप हम कवर्धा शहर के विकास एवं निर्माण कार्यो के साथ मूलभूत व्यवस्थाओं पर काम करेंगे। कवर्धा नगर की साफ सफाई, स्वच्छता पर विशेष जारे दिया जाएगा। हम नगरवासियों के साथ मिलकर कवर्धा नगर समुचित और चहुमुखी विकास करेंगे। आने वाले दिनो में कवर्धा का बस स्टैण्ड नए बस स्टैण्ड में संचालित होगा और पुराने बस स्टैण्ड के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाकर उसका उपयोग किया जाएगा।

### डिप्टी सीएम शर्मा ने की नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी की तारीफ



कवर्धा नगर पालिका के नव निर्वाचित अध्यक्ष तथा पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी की जमकर तारीफ की। उन्होने कहा कि चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी एक लोकप्रिय और जनप्रिय नेता है। युवाओं के बीच वे काफी लोकप्रिय है। उन्होने संगठन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा शहर भाजपा अध्यक्ष जैसे पदों में रहते हुए अच्छे कार्य किए हैं। हमें पूरा विश्वास है कि वे पूरी ऊर्जा के साथ नगर विकास में अपना योगदान देंगे। उन्होने कहा कि बीते पांच सालों तक नगर विकास थमा रहा। लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद कवर्धा सहित जिले के सभी नगरीय निकायों का तेजी से विकास हो रहा है। कवर्धा में चौक सौंदर्यीकरण, सड़क, नाली जैसे कार्य तेजी हो रहे हैं। इसके अलावा नगर पालिका के सामने तथा वन विभाग कार्यालय के सामने चौपाटी निर्माण कार्य किया गया। भोजली तालाब क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। आगे भी नगर में अच्छी सोच के साथ ऐसे ही कार्य होते रहेंगे।

### नि:शुल्क दिव्यांग सेवा शिविर का विमोचन

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एक महत्वपूर्ण और समाज सेवा से जुड़ी पहल की शुरुआत हुई, जब नि:शुल्क दिव्यांग सेवा शिविर का ब्रोशर विमोचन किया गया। यह विमोचन कार्यक्रम प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय और नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के हाथों हुआ। यह दिव्यांग सेवा शिविर विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्हें विभिन्न चिकित्सा, उपकरण और अन्य आवश्यक सहायता नि:शुल्क प्रदान की जाएगी।

### शपथ ग्रहण समारोह में छन्नू निर्मलकर और उनके साथियों द्वारा शानदार भजन एवं देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में छन्नू निर्मलकर और उनके साथियों द्वारा भजन और देशभक्ति कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। यह प्रस्तुति समारोह की एक महत्वपूर्ण आकर्षण रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन और देशभक्ति गीतों ने समारोह को एक आध्यात्मिक और राष्ट्रीयता से प्रेरित माहौल में बदल दिया। कार्यक्रम के दौरान छन्नू निर्मलकर और उनके साथी कलाकारों ने ऐसे भजन प्रस्तुत किए, जो शांति और सद्भावना का संदेश देते थे

## बैरख स्कूल में विदाई समारोह आयोजित



**बोड़ला।** शासकीय हाई स्कूल बैरख प्रांगण में विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की छायाचित्र में पूजा अर्चना, माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना किया गया। उसके पश्चात संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने बताया की प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा नवमीं के छात्रों द्वारा कक्षा दसवीं के छात्रों को विदाई दी गई। जिसमें मनोरंजक कार्यक्रम के साथ बच्चों ने अपने अनुभव बांटे एवं शिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा की बारीकियों एवं गंभीरता के साथ तनाव मुक्त हो कर परीक्षा देने संबंधी आवश्यक जानकारी दी। विदाई समारोह में छात्रों एवं शिक्षकों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति एवं सचिव जगेसर धुर्वे द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर प्रति छात्रों को 1000-1000 देने की घोषणा की। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष फगनू राम धुर्वे, जनपद सदस्य सरला श्याम मसराम, सरपंच सुधारी मसराम, सचिव जगेसर धुर्वे, चैन सिंह, प्राचार्य सोहन कुमार यादव, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, सकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, शिक्षिका चमेश रावटे, भोलाराम बनवासी, शैलेन्द्र यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी कार्यादेश जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना का हाल काफी बेहाल है। स्थानीय चुनाव संपन्न होने के बाद जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निर्माण कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लिया। जिससे पता चला कि जिले में मात्र 11 प्रतिशत ही कार्य पूर्ण हुआ है वही 89 फीसदी कार्य अधूरा है जिसका मुख्य वजह है कि उधारी के कर्मचारी। इस उधारी और जुगाड़ के कर्मचारी अपने कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। आवास कार्य को पूर्ण करने के कर्मचारियों की भर्ती करने पिछले वर्ष 25 सितंबर 24 को विज्ञापन जारी किया था लेकिन उक्त विज्ञापन में आवेदित पद पर फिलहाल तक भर्ती नहीं हो पाया है जो तरह-तरह की शंकाओं को जन्म देता हैं। साथ ही आवेदन किए गए पत्र बेरोजगारों से खिलवाड़ भी माना जा रहा है । जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण ) अंतर्गत तकनीकी सहायक सहित लेखापाल एवं डाटा इन्ट्री आपरेटर हेतु जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा विज्ञापन क्रमांक 4519/प्रमआयों - ग्रा / जि. पं./2024 दिनांक 25.09.2024 जारी किया था। प्राप्त आवेदन पर पात्र /अपात्र सूची जारी कर 05 नवम्बर 2024 तक दावा आपत्ति मंगाया गया था। दावा आपत्ति पश्चात 1.20 कौशल परीक्षा हेतु 15. नवम्बर 2024 परीक्षार्थियों का सूची जारी कर 20 नवम्बर 2024 को परीक्षा आयोजित किया गया। प्राप्त अंक के अनुसार 27 नवम्बर 2024 को साक्षात्कार आयोजित किया गया। वही 03 दिसंबर 2024 को मेरिट सह चयन सूची को कबीरधाम जिले के वेबसाइड में अपलोड किया गया लेकिन आज तक किसी भी चयनित अभ्यर्थियों को कार्यादेश जारी नहीं किया है। आखिर इसके पीछे किसका संरक्षण या राज छुपा है। यह जांच का विषय बनता है।




### आवास निर्माण लक्ष्य से काफी पिछड़ा

कबीरधाम जिला प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के साथ ही विभागीय मंत्री का निर्वाचन क्षेत्र भी है बावजूद जिम्मेदार अधिकारियो के इस तरह का कार्यशैली से कबीरधाम जिले के साथ विधानसभा अध्यक्ष और विभागीय मंत्री की छवि को घूमिल करने का प्रयास किया जाना उचित नहीं है।

## प्रदेशभर के शिक्षकों व उनके परिजनों की नजर आज के बजट पर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



प्रदेश सरकार सोमवार को अपना बजट पेश करने जा रही है, जिस पर प्रदेशभर के एक लाख अस्सी हजार शिक्षकों व उनके परिजनों की नजर रहेगी। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक एलबी संवर्ग को शिक्षाकर्मी पद पर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन का प्रावधान करने की अपेक्षा व्यक्त की है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि पंचायत विभाग के शिक्षाकर्मी पद पर किए सेवा की गणना के आधार पर ही स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक एलबी संवर्ग पद में संविलियन कर शासकीयकरण किया गया है, लेकिन पुरानी पेंशन के लिए शिक्षाकर्मी पद की सेवा गणना नहीं करने से सैकड़ों शिक्षक बगैर पेंशन के ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जो शिक्षक आगामी समय में पुरानी पेंशन के दायरे में आएंगे, उन्हें भी अनुपातिक व अत्यल्प पेंशन ही प्राप्त होगा। पूर्ण पुरानी पेंशन के लिए केंद्र सरकार की तरह कुल सेवा अवधि 33 वर्ष से घटाकर 20 वर्ष किए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही सोना साहू प्रकरण में हाई कोर्ट के डबल बेंच में दिए गए फैसले के अनुरूप क्रमोन्नति व समयमान का प्रावधान करने की अपेक्षा है। केंद्र के समान देय तिथि से तीन प्रतिशत मँहगाई भत्ता व इससे संबंधित एरियर्स राशि भी लंबित है।

**चौक के नामकरण, सौंदर्यीकरण व संत गाडगे महाराज की मूर्ति स्थापना की घोषणा**

## संत गाडगे महाराज के विचार हम सभी के लिए अनुकरणीय: विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को वीर सावरकर भवन में आयोजित संत गाडगे महाराज जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने संत गाडगे महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण की और उनके आदर्शों को स्मरण किया। उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए संत गाडगे महाराज के जीवन और उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने घोटिया रोड में चौक के नामकरण, सौंदर्यीकरण और संत गाडगे महाराज की मूर्ति स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा और संत गाडगे महाराज के विचारों को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य कैलाश चंद्रवंशी, विजय पटेल सहित समाज के पद्दाधिकारी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संत गाडगे महाराज का जीवन समाज सेवा और स्वच्छता के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने पूरे समाज को स्वच्छता का महत्व समझाया और लोगों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संत गाडगे महाराज के विचार हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं, और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम समाज के विकास में योगदान दे सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज के हित में चल रहे कार्य निरंतर जारी रहेंगे और सरकार इसमें हरसंभव सहयोग देगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने धोबी समाज की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट होकर शिक्षा, व्यवसाय और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारी, वरिष्ठजन, युवा वर्ग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## मूलार्प योजनांतर्गत कृषक प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा एवं अखिल भारतीय मूलार्प अनुसंधान परियोजना, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में गत दिनो एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं आदान सामाग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस परियोजना अंतर्गत जिले के इंदौरी एवं बहरमुड़ा में मसूर के उन्नत किस्म आई पी एल 220 का अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन सह बीज उत्पादन का आयोजन किया गया है। इसी तारतम्य में कृषकों को मसूर फसल उत्पादन एवं पौध संरक्षण के संबंध में प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना के मुख्य अन्वेषक, डॉ. डीके चंद्राकर, प्रधान वैज्ञानिक ने कृषको को योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा मसूर उत्पादन के आवश्यकताओं एवं संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवंप प्रमुख, डॉ. बीपी त्रिपाठी ने मसूर फसलों के प्रमुख रोग जैसे विल्ट तथा प्रमुख कीट जैसे माहुं, थ्रिप्स, चने की इल्ली आदि के निदान हेतु आवश्यक उपाय बताया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. महानंद, प्रक्षेत्र प्रबंधक द्वारा कृषकों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराकर कृषि विज्ञान केन्द्र में स्थापित विभिन्न तकनीकी प्रदर्शन इकाईयों का भ्रमण कराकर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के इंजी. टीएस सोनवानी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि अभियांत्रिकी, डॉ. बीएस परिहार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, सस्य विज्ञान, डॉ. एनसी बंजारा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यानिकी एवं योगेश कुमार कौशिक, कार्यक्रम सहायक उपस्थित थे।



## सार समाचार

### पदोन्नत शिक्षकों का सम्मान



**मड़ियान।** मड़ियान संकुल केन्द्र मुंगलानी में शिक्षक सम्मान समारोह के साथ पदोन्नत प्रधानपाठकों का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक के रूप में पदोन्नत संतोष धुर्वे और रामदयाल जोशी, मनसुख लाल देवांगन, मिलऊराम रावत, सुधाकर धरमगुड़े, शिवकुमार कंवर, नीलांबर चंद्रवंशी, गोपीचंद कोमरा को पेन,डायरी, श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गुमान सिंह चन्द्रवंशी, आत्माराम चंद्रवंशी, पूर्णानंद चंद्रवंशी, दिनेश साहू, मनोज साहू, ऐनूराम अम्बादे, देवेन्द्र खोब्रागढ़े, घनश्याम साहू, हेमलता ठाकुर, हेमबती कतलाम, विमला मानिकपुरी, भुनेश्वरी कैवर्त उपस्थित थे। संचालन शिव कंवर और आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक मनोज साहू ने किया।

### मुख्यमंत्री ने किया गंगाबारु का विमोचन



**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत भुरभुसी के साहित्यकार और गीतकार मिनेश कुमार साहू की पुस्तक गंगाबारु का विमोचन गत दिनों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। यह विमोचन 1 और 2 मार्च को संस्कृति एवं राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के आठवें प्रांतीय सम्मेलन में हुआ। जानकारी के अनुसार साहित्यकार मिनेश कुमार साहू ने सगा पुतानी और गंगाबारु सहित कई पुस्तकें लिखी हैं। चह छत्तीसगढ़ी में कविता, शोध आलेख, पटकथा, संवाद और गीत लेखन में सक्रिय हैं। उनके गीत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और न्यूयॉर्क में सुने और सराहे गए हैं। उन्होंने बताया कि वह लोक साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव, स्व लक्ष्मण मस्तूरिया, स्व बद्रीविशाल यदु, स्व परमानंद गुरुजी, स्व हेमनाथ यदु, स्व मेहतरराम साहू, स्व गंगाराम शिवारे, सीताराम साहू, स्व पवन दीवान और स्व हरि ठाकुर से काफी प्रेरित हैं। श्री साहू और ईश्वर साहू फरवरी में आयोजित राजिम महोत्सव में पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के भीतर लोगों को छत्तीसगढ़ी फिल्मों में विशुद्ध छत्तीसगढ़ी गीत सुनने मिलेंगे।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने किया पार्षद के आरोपों का खंडन




**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड नंबर 6 शांतिनगर से कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी रहे देवेश वैष्णव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए यहां के पार्षद सुनील साहू द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों को झूठा बताया है। देवेश वैष्णव ने कहा कि सुनील साहू ने पुलिस चौकी चिखली का घेराव करते मुझ पर जो आरोप लगाए हैं, वह सभी झूठे आरोप हैं। पुलिस उस पर अपनी जांच करें और जो दोषी पाया जाता है, उस पर कड़ी कार्रवाई हो। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान देवेश वैष्णव ने कहा कि शुक्रवार की रात लगभग 12 बजे पार्षद सुनील साहू अरविंद वर्मा के घर गया हुआ था। इस दौरान उन्होंने राजू मेश्राम को वहां बुलाया और उनके बीच झगड़ा हुआ। इस झगड़े से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। देवेश वैष्णव ने कहा कि पार्षद सुनील साहू ही बता सकते हैं कि 12 बजे रात को वह वहां क्यों गए थे, लेकिन जो मामला सामने आ रहा है, उसमें यह ताश-जुएं के मामले में उनके बीच विवाद हुआ है। पार्षद सुनील साहू के साथ चिखली पुलिस चौकी पहुंचे वार्ड की महिलाओं को लेकर देवेश वैष्णव ने कहा कि वे महिलाएं उनके वार्ड की नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि पुलिस की जांच पर मुझे पूरा भरोसा है, जो गलत पाए जाते हैं, उस पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करें।

### पुनः सचिव बने अनिल पोद्दार




**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के निर्देशानुसार एवं नागपुर मंडल के मंडल संयोजक इंदल दमाहे के उपस्थिति में गत दिनों सामान्य सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शाखा के सचिव अनिल पोद्दार ने द्वितीय वार्षिक आम सामान्य सभा की शुरुआत करने से पहले मां बमलेश्वरी देवी की पूजा कर अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात शाखा की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। मंडल संयोजक इंदल दमाहे ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नए चुनाव कराया, जिसमें शाखा के सचिव के रूप में अनिल पोद्दार निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसी प्रकार शाखा के अध्यक्ष पद के लिए अमित डे निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी अध्यक्ष शत्रुंजय उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष सपन नायक, राजेश पांडे, सह सचिव गोपालकुमार सिंह, डेविड बागडे, राजन, एम नागेश्वर राव, संगठन सचिव संदीप यादव, तारकेश्वर राय, लक्ष्मी नारायण और क्वार्टर कमेटी हेतु पी सूर्य राव निर्वाचित हुए। इस मौके पर चंद्रशेखर, वेदप्रकाश, आशुतोष सिंह, राजीवकुमार, सुमितकुमार, सुनील कुमार इंदुरकर, अरविंद सहारे, हीरामन, सुमित सिंह, डेविड, कोमलप्रसाद, राजीव कुमार, घनश्याम, गोविंद, राहुल कुमार, जितेंद्र, आनंद, चूड़ामणि, अजय मेश्राम, राधेलाल साहू आदि उपस्थित थे।

---

### अध्यक्ष को षडयंत्र कर हराया, किसी भी कार्यक्रम में नहीं बुलाने का निर्णय

# जिला साहू समाज ने विधायक दलेश्वर के खिलाफ पारित किया निंदा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस नेताओं द्वारा भीतरघात कर जिला पंचायत चुनाव में जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू को हराने का मामला राजनैतिक के बाद अब सामाजिक रूप से भी तूल पकड़ लिया है। जिला साहू समाज की बैठक में कांग्रेस के प्रति नाराजगी जाहिर करते विधायक दलेश्वर साहू के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है। यही नहीं विधायक श्री साहू को किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं करने का भी ऐलान किया गया है।

रविवार को जिला साहू संघ में बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्वप्रथम जिला संघ के अध्यक्ष भागवत साहू सहित सभी पदाधिकारी ने मां कर्मा की पूजा-अर्चना कर बैठक की शुरूआत की गई। जिसमें विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई। उक्त बैठक में चार विषयों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव जिला में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव सामाजिक पदाधिकारी के विरुद्ध डोंगरगांव विधायक द्वारा उसके चुनाव को प्रभावित करने का कार्य किया। विधायक के उक्त कृत्य के लिए जिला साहू समाज द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही जिला साहू संघ के सामाजिक कार्यक्रमों में सामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं करने का प्रस्ताव पारित किया गया।



#### 25 को कर्मा जयंती का आयोजन

कर्मा जयंती 25 मार्च 2025 जिला साहू संघ में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। उक्त तिथि को किसी भी अन्य ग्राम परिक्षेत्र तहसील में कर्मा जयंती का आयोजन नहीं किया जाएगा। उसी प्रकार तहसील परिक्षेत्र में कर्मा जयंती होने पर उक्त अन्य आयोजन नहीं किया जाएगा। मां भानेश्वरी जयंती 9 मई को मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम परिक्षेत्र तहसील का सामाजिक चुनाव 15 अप्रैल से 30 में तक होगी।

#### बैठक में सामाजिकजनों की रही उपस्थिति

बैठक में मोती साहू, भागवत साहू, शैलेंद्र कुमार साहू, नीलमणि साहू, नोबल साहू, नीरा साहू, भुनेश्वरी साहू, कुलेश्वर साहू, अंजु साहू, ज्ञानचंद साहू, मिलाप साहू, चंदन साहू, माधव साहू, महेश साहू, गंभीर साहू, परदेशीराम साहू, चंद्रशेखर साहू, छबिल साहू, खिलेश्वर साहू, कांति साहू, फभीत साहू, देवेंद्र कुमार साहू, कुलदीप साहू, लक्ष्मण साहू, देवेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, आशीष साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, जागेश्वर साहू, पवित साहू, विनय कुमार साहू, इतवारी साहू, तिलक साहू सहित जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

## बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण



**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी ने शनिवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरो की टीम में शामिल चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ हिमांशु नामदेव, डेंटिस्ट डां इशिता बागची, आई स्पेशलिस्ट डॉ संजय साहू ने सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर अभिभावकों को उचित उपचार कराने निर्देशित किया। शिविर में सभी बच्चों की लंबाई, वजन, आंख, दांत, बाल,नाखून आदि की जांच की गई। फाइलेरिया की गोलियां भी सभी बच्चों एवं अभिभावकों को वितरित की गई।

---

# केवाईसी के अभाव में रूका किसान सम्मान निधि का पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समय पर बैंक से केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नही कराने के कारण किसान सम्मान निधि की राशि के लिए भटकते किसान को पीएलवी के प्रयास से रूका हुआ पैसा मिला। नालसा एवं सालसा के विभिन्न योजनाओं को प्रचार प्रसार करने के दौरान पीएलवी गोलूदास साहू को लालदास नामक किसान मिला जिसने बताया कि 2022 से उसे पीएम किसान सम्मान निधि का सालाना 6 हजार रूपया नही मिल रहा है। कहां जाऊं क्या करूं, ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं हूं बताने पर पीएलवी गोलूदास साहू ने संबंधित बैंक के अधिकारियों कर्मचारियों से



संपर्क कर पता लगाया कि सम्मान निधि किस वजह से किसान को नही मिल पा रहा है। पता चला कि लालदास का छग राज्य ग्रामीण बैंक का खाता लेनदेन के अभाव में बंद हो गया है। केवाईसी अपडेट कराने पर राशि मिल जाएगी। इसके बाद गोलूदास साहू ने सारी कागजी प्रक्रिया किसान के साथ बैंक जाकर पूरी की, कृषि विभाग मे पंजीयन कराया जिसके बाद उसके खाते में 2022 से रुकी पूरी राशि एकमुश्त 18 हजार रुपए खाते मे अंतरण हो गया। आज के समय में जहां लोगों के पास अपनों के लिए समय नहीं है उस टाइम पर पीएलवी साहू ने मानवता दिखाते हुए विधिक सहायता अंतर्गत लालदास का काम पूरा कराया और खाते को निरंतर कराया। किसान लालदास सहित परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए पीएलबी को आशीर्वाद दिया है।

### चाकू लेकर घूमने वाला अपराधी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शहर के रेवाडीह चौक के समीप धारदार चाकू लेकर दहशत फैलाते घूम रहे आरोपी को लालबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लालबाग पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक आरोपी रेवाडीह शराब दुकान के चौक पर बटन वाला धारदार चाकू लेकर घूम रहा है।

सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को अपना नाम जीतु विश्वकर्मा पिता बसंत विश्वकर्मा 24 वर्ष निवासी ट्रांसपोर्ट नगर पेंड्री राजनांदगांव बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक नग बटन वाला धारदार चाकू जब्त किया है। लालबाग पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को रिमांड पर भेजा है।

# ग्राम पंचायत कसारी में पुनर्मतगणना की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत कसारी में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में मतदान दल द्वारा लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सरपंच पद की प्रत्याशी मुलिया दीपचंद साहू ने प्रशासन से पुर्नमतगणना की मांग की है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ को आवेदन सौंपा गया है।

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कसारी में बीते 23 फरवरी को हुए सरपंच पद के चुनाव में धांधली का आरोप लगाते सरपंच पद प्रत्याशी मुलिया साहू एवं उनके समर्थकों ने प्रशासन को पुर्नमतगणना कराने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ने वाली मुलिया साहू को निकटतम प्रतिद्वंदी से 7 मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने निर्वाचन कर्मियों पर आरोप लगाते बताया कि मतदान के दौरान करीब आधा घंटा के लिए स्याही एवं सील गायब रहा है। इस दौरान मतदान करने वालों को सील नहीं मिलने की वजह से अंगूठा लगाना पड़ा। इस लापरवाही का खामियाजा हार के रूप में उन्हें चुकाना पड़ा। श्रीमती साहू ने बताया कि मतगणना में कली निर्मल को 480 एवं मुलिया दीपचंद साहू को 473 वोट मिले। 7 वोट से हार का सामना करना पड़ा। मतगणना के दौरान अंगूठे लगे मतों को निरस्त कर दिया गया है। जिसकी वजह से हार हुई। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच कर पुर्नमतगणना की मांग प्रशासन से की है।

### पालिका का प्रथम सम्मिलन छह को



**डोंगरगढ़।** नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण, प्रथम सम्मिलन का आयोजन, उपाध्यक्ष एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन एवं आगामी 6 मार्च को प्रातः 10 बजे छोटी माँ बम्लेश्वरी प्रांगण डोंगरगढ़ में किया गया है। दोपहर 2बजे से उपाध्यक्ष एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन नगरपालिका परिषद में किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

सर्वसुविधायुक्त ट्रॉमा सेन्टर
आपातकालीन चिकित्सा, विशेषकर सड़क हादसों में घायलों के उपचार के लिए आवश्यक सभी विभाग जिसमें ऑर्थोपेडिक्स, न्यूरोलॉजी-न्यूरोसर्जरी, थोरासिक एवं वैस्कुलर सर्जरी, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के विशेषज्ञों की 24x7 उपलब्धता
HI TEK SUPER SPECIALITY HOSPITAL Inspiring better health
हाइटेक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जुनवानी रोड, भिलाई, सूर्या टीआई मॉल के पास
0788-405 6666 • 73891-92333
एक छत के नीचे सभी सुपर स्पेशालिटी
सुपरस्पेशलिटी
कार्डियोलॉजी
• डॉ रंजन सेनगुप्ताः MBBS, MS, M.Ch, CVTS
• डॉ असलम खानः MBBS, MD, DNB (Cardio)
यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी
• डॉ नवीन वैष्णवः MBBS, MS, Mch (URO)
• डॉ सुमन राव : MBBS, MD, DNB (Kidney)
गैस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी
• डॉ आशीष देवांगनः MBBS, MD (MEDICINE), DNB
न्यूरोलॉजी
• डॉ नचिकेत दीक्षितः MBBS, MD (Med.), DM (Neuro)
• डॉ दीपक बंसलः MBBS, MS, MCH (Neuro)
शल्य चिकित्सा विभाग
• डॉ नवील कुमार शर्माः MBBS, MS, FIAGES EFIAGES, FMAS, FALS (Colo Rectal)
• डॉ नवीन वैष्णवः MBBS, MS, MCh (Uro)
गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
• डॉ एस श्रीनाथ : MBBS
• डॉ अपूर्व वर्मा : MBBS, MS
सभी महत्वपूर्ण विभाग
स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग
• डॉ रेखा रत्नानीः MBBS, MS, MD (OBS/Gyne)
• डॉ अंजना चौधरीः MBBS, MS (Gyne)
अस्थि रोग विभाग
• डॉ राहुल ठाकुर : MBBS, MS (Ortho)
• डॉ दीपक सिन्हा : MBBS, DNB (Ortho)
बाल रोग विभाग
• डॉ मिथिलेश देवांगनः MBBS, MD (Paed.)
• डॉ रुचि ठाकुरः MBBS, MD & PDCC (Paed. Cardio)
ईएनटी एवं चर्म रोग विभाग
• डॉ अपूर्व वर्माः MBBS, MS (ENT)
• डॉ रिद्धि अरोरा : MBBS, MD (DERM, VEN & LEPR)
डेन्टल, मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
दंत रोग, जबड़ा एवं चेहरा
• डॉ आफरीन आफताब : BDS, MDS
• डॉ वैष्णवी शर्माः BDS
फिजियोथेरेपी
• डॉ अर्चना लछवानी : BPT
• डॉ विष्णुप्रिया : BPT
NABH Accredited
कैशलेस इलाज 24/7
ESIC, BSKY, CGHS, CORPORATE सहित सभी प्रमुख TPA के साथ अनुबंधित

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411